इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -81 | राजनांदगांव, मंगलवार 06 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

**आवश्यकता है**

सेमसंग सर्विस सेंटर राजनांदगांव के लिए इंजीनियर व हेल्पर की।
हेल्पर को 4 हजार व इंजीनियर को 10 से 12 हजार के वेतन के साथ इन्सेंटिव भी।
-: संपर्क करें :-
7067901677, 9302879361, 9340129567

# पीएम मोदी बोले-जिन्होंने देश को लूटा उन्हें लौटाना होगा, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई

नई दिल्ली। बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। डेढ़ घंटे से ज्यादा के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री बेहद आक्रामक दिखे। उन्होंने न केवल कांग्रेस अपितु समूचे विपक्ष को आड़े हाथों लिया। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई को लेकर एक बार फिर अपना रुख साफ कर दिया। पीएम ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना ही होगा। साथ ही पीएम ने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपनी इसी सोच और विचारधारा का खामियाजा भुगता है। विपक्ष की आज की हालत के लिए भी कांग्रेस ही जिम्मेदार है।

पीएम मोदी ने कहा कि अब बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना बहुत मुश्किल हो गया है। डीबीटी, जनधन अकाउंट, आधार, मोबाइल... उसकी ताकत हमने पहचानी है। 30 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम हमने लोगों के खाते में सीधा पहुंचायी है। पहले कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम 100 रुपए भेजते हैं तो 15 पैसे ही गरीबों तक पहुंचते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पहले सदन का पूरा समय घोटालों की चर्चा में जाता था, भ्रष्टाचार की चर्चा में जाता था। लगातार एक्शन की मांग होती थी, चारों तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार की ही खबरें होती थीं। आज जब भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होती है तो ये लोग उनके समर्थन में हंगामा करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं इस पवित्र सदन में दोहराता हूं कि जिसे जितना जुल्म मुझ पर करना है कर ले, मेरी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चलती रहेगी। जिसने देश को लूटा है उनको लौटाना पड़ेगा।



**लोकसभा में कांग्रेस के परिवारवाद पर पीएम का तंज**

यहां पर बहुत गुस्सा व्यक्त किया गया है। जितना सख्त शब्दों में गुस्सा व्यक्त किया गया है। उनका दर्द मैं समझता हूं। उनकी मुसीबत और गुस्सा मैं समझता हूं.. क्योंकि तीर निशाने पर लगा है। भ्रष्टाचार पर एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। उसको लेकर भी इतना गुस्सा..क्या-क्या शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। दस साल पहले हमारे सदन का पूरा समय घोटाले के चर्चों पर जाती थी। भ्रष्टाचार की चर्चा पर जाता था। लगातार कार्रवाई की मांग होती थी और आज जब भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की जा रही है, लोग उनके समर्थन में हंगामा करते हैं। इनके समय में एजेंसियों का सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक इस्तेमाल किया जाता था। उनको काम नहीं करने दिया जाता था।

पीएम मोदी ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को घेरते हुए कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए। उसी उत्पाद को दोबारा लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस पार्टी की दुकान बंद होने की कगार पर है।

## कांग्रेस ने किया कर्पूरी ठाकुर का अपमान

उन्होंने कहा, जिस कर्पूरी ठाकुर ने पूरा जीवन लोकतंत्र के सिद्धांतों, संविधान की मर्यादाओं के लिए खपा दिया, उनका अपमान करने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया था। लोकसभा सदन में पीएम मोदी अपने संबोधन में विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए गुस्से में भी दिखाई दिए। कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी पर परिवारवाद और समाज को बांटने के आरोप लगाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कब तक टुकड़ों में सोचते रहोंगे। कब तक समाज को बांटते रहोगे। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि अब तो सीमा रखो, बहुत तोड़ा देश को।

## कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का मुकाबला नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा, नौ दिन चले, ढाई कोस...ये कहावत पूरी तरह कांग्रेस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छग में 25 जिलों के एसपी बदले

रायपुर। छत्तीसगढ़ पुलिस में बड़ा फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने रविवार देर रात आइपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमें कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों का नाम भी शामिल है। जारी आदेश के मुताबिक 2011 बैच के आईपीएस संतोष सिंह अब रायपुर के नए एसपी होंगे। इससे पहले रायपुर की कमान संभाल रहे प्रशांत अग्रवाल को छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल बस्तर क्षेत्र में उप पुलिस महानिरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं रतन लाल डांगी को रायपुर आइजी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। डेपुटेशन पर केंद्र से लौटे अमरेश मिश्रा अब ये जिम्मेदारी संभालेंगे। 2004 बैच के संजीव शुक्ला अब बिलासपुर आईजी होंगे।

राज्य सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक डॉ. आनंद छाबड़ा, अजय कुमार यादव, बद्री नारायण मीणा को पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में पदस्थ किया गया है। दीपांशु काबरा की सेवाएं परिवहन विभाग से वापस लेते हुए उन्हें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय रायपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक जशपुर डी. रविशंकर को अब (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## संतोष सिंह रायपुर एसपी तो जितेंद्र शुक्ला दुर्ग जायेंगे

जारी आदेश के अनुसार एमआर अहिरे को सूरजपुर, इंदिरा कल्याण एलेसेला को कांकेर, आशुतोष सिंह को महासमुंद, विवेक शुक्ला को जांजगीर चांपा, शशिमोहन सिंह को जशपुर, विजय अग्रवाल को सरगुजा, रामकृष्ण साहू को बेमेतरा, जितेंद्र शुक्ला को दुर्ग, दिव्यांग पटेल को रायगढ़ जिले का एसपी बनाया गया है। वहीं शलभ सिन्हा को जगदलपुर, भावना गुप्ता को गौरेला पेंड्रा मरवाही, सूरज सिंह को कोरिया, सिद्धार्थ तिवारी को कोरबा, जितेंद्र यादव को बीजापुर, आंजनेय वार्ष्णेय को धमतरी, अंकिता शर्मा को सक्ती, रजनेश सिंह को बिलासपुर व सरजु राम भगत को बालोद जिले की जिम्मेदारी दी गई है।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही स्थगित, राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर पूर्व सीएम भूपेश ने सरकार पर साधा निशाना

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र) राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन के अभिभाषण के साथ सोमवार को शुरू हो गया। अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही पहले 5 मिनट इसके बाद मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। अभिभाषण के दौरान विपक्षी विधायकों ने जमकर टोंकाटाकी की।



राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा का गठन दिसम्बर 2023 में हुआ था। 20 दिसम्बर 2023 को नवगठित विधानसभा के प्रथम सत्र के अपने अभिभाषण में मैंने कहा था कि मेरी सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री माननीय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी तथा वर्तमान प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के आदर्शों और सिद्धांतों के अनुसार छत्तीसगढ़ में सुशासन का नया दौर प्रारंभ करने के लिए संकल्पबद्ध है। मुझे खुशी है कि अल्प अवधि में मेरी सरकार ने जनता से किए गए वादे पूर्ण करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, जिसके कारण प्रदेश में न्याय, राहत और विकास का नया दौर शुरू हुआ है।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

वहीं राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अभिभाषण को लेकर सबसे आपत्तिजनक बात यह है कि अभी तक राजिम पुन्नी मेला राजपत्र में प्रकाशित है। राज्य सरकार ने अभी कोई परिवर्तन नहीं किया है। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में इसे राजिम कुंभ कल्प कहा है। अभिभाषण में मोदी की गारंटियों के बात को शामिल किया गया है, लेकिन अभी तक न तो किसानों को पैसा दिया गया और न ही महतारी वंदन के तहत राज्य की महिलाओं को पैसा मिला है। पिछले सत्र में भी महतारी वंदन योजना को लेकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अमरजीत भगत बोले- झंझट से बचने हमें गोली मार दें - आईटी छापे पर कहा- मारपीट कर गलत दस्तावेज पर साइन लिए गए

रायपुर। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने उनके घर पर चार दिनों तक चले आयकर विभाग के छापे के मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। पूर्व मंत्री भगत ने कहा कि, पूरे देश में केंद्रीय एजेंसी का इस्तेमाल डराने के लिए हो रहा। आयकर ने 5 दिनों तक हमें बाहर नहीं जाने दिया गया। किसी मंत्री, किसी आदिवासी के यहां अब तक ऐसा नहीं हुआ। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने



पुराने स्टाफ से मारपीट करने और गलत बयान लेने का आरोप भी लगाया है। पूर्व मंत्री भगत ने अपने बयान में आगे कहा कि, उन्हें राहुल गांधी की यात्रा में संयोजक बनाया गया था। वो कार्यक्रम सफल न हो इसलिए ऐसा किया गया। सरगुजा से लोकसभा चुनाव के लिए मेरा नाम भी उभरा। आदिवासी क्या इतने बेईमान हो गए, उनका जंगल उजड़ दिया गया, फिर भी आदिवासी ही बेइमान। क्या हम राजनीति में न आए, अधिकार की बात न करें। ऐसा है तो आदिवासियों को गोली मार दी जाए, लेकिन हम अपने अधिकार की बात उठाते रहेंगे।

# पहले दिन 1 लाख 81 हजार से अधिक महिलाओं के आवेदन से महतारी वंदन का श्रीगणेश

## मोदी की गारंटी अंतर्गत महिला सशक्तीकरण के लिए विष्णु देव साय सरकार द्वारा उठाये गये

रायपुर। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आरंभ की गई महतारी वंदन योजना का लाभ लेने पहले ही दिन 1 लाख 81 हजार से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया। योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक मदद को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह दिखाई देने लगा है। आज रायपुर जिले में 13 हजार से अधिक आवेदन आये वहीं सुकमा जैसे प्रदेश के जनजातीय इलाकों में भी पहले ही दिन 1592 महिलाओं ने आवेदन भरा।

महिलाओं को आवेदन भरने में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए पुख्ता तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा कराई गई थीं। सभी जिलों में कलेक्टरों ने अधिकारियों की बैठक ली थी



**सविता साहू ने कहा कि जिस तरह भाई तीज की राशि देते हैं उसी तरह मुख्यमंत्री श्री साय ने दी महतारी वंदन की राशि**

और निर्देशित किया था कि न्यूनतम समय में आवेदन लेने का काम पूरा किया जाए। प्रक्रिया में अधिक समय न लगे इसके लिए प्रशासन ने पात्रता संबंधी नियमों को बताने के लिए भी कर्मचारी नियुक्त किये थे। साथ ही इसके लिए आवेदन के वक्त लगने वाले जरूरी दस्तावेज बताने के लिए भी कर्मचारी तैनात किए गए है, ताकि आवेदक का आवेदन विधिवत पूरा हो जाए और स्क्रूटनी में किसी तरह की दिक्कत न आये।

प्रदेश में हर तरफ महतारी वंदन का माहौल है। धमतरी में रुद्री निवासी लोमेश्वरी ओझा जब फार्म भरने आई तो उन्होंने कहा कि मेरी छोटी-छोटी खुशियां इस राशि से पूरी होगी। मैं अपने बच्चों के लिए भी राशि खर्च कर सकूंगी। रायपुर की सविता साहू ने बताया कि तीज-त्यौहार में उन्हें, मायके से जो भेंट मिलती है, उसको वह मनचाहा खर्च करती हैं। ऐसे में मुझे मुख्यमंत्री श्री साय भी भाई की तरह लग रहे हैं, जो हर महीने तीज की राशि हजार रुपए देंगे। कसडोल विकासखंड के बल्दाकछार के विशेष पिछड़ी जनजाति की तीजबाई कमार ने कहा कि आज मैं आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची। आवेदन जमा कर दिया है। मैं मजदूरी भी करती हूँ और अब महतारी वंदन का पैसा (शेष पृष्ठ 6 पर...)





















# महतारी वंदन का आनलाइन ब्लाक... आफ लाइन में काफी माथा पच्ची




**आधार कार्ड सुधरवाने कापी करवाने चॉइस सेन्टर में उमड़ी भीड़**

राजनांदगांव (दावा)। महतारी वंदन योजना का लाभ उठाने के लिए सोमवार 5 फरवरी से फार्म भरना शुरू हो गया है। इसका लाभ सिर्फ शादी शुदा महिलाएं, विधवा व परित्यक्ता महिला को ही दिया जाना है। महतारी वंदन योजना के तहत लाभ पाने के लिए आनलाइन व आफलाइन दोनों तरह के फार्म भरने की सहुलियत दी गई है। लेकिन ऑनलाईन में आवेदन भरने का सिस्टम ब्लाक होने के कारण लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे है। इधर शहर के वार्डो में फार्म भरवाने की कवायद जारी है लेकिन उसमें सबसे ज्यादा परेशानी आधार कार्ड जन्म तिथि प्रमाण पत्र, पति का पेन कार्ड, स्वयं का पेन कार्ड के अलावा परित्यक्ता महिलाओं के लिए तलाक का प्रमाण पत्र या समाज का प्रमाण पत्र आदि को लेकर आ रही है। महिलाएं वार्डों में लगे आवेदन फार्म भराने के ठौर से उपयुक्त कागजों की कमी के कारण लौट कर जाने लगे है। इसमें महिलाएं परेशान हो रही है। वही आधार कार्ड सुधरवाने से लेकर अन्य कागजात की फोटो कॉपी कराने महिलाओं को च्वॉईस सेन्टर की भाग दौड़ करनी पड़ रही है। इधर आफलाइन आवेदन करने में उपरोक्त परेशानी तो आ रही है पर ऑनलाईन आवेदन में परेशानी कम नहीं है। कम्प्यूटर चलाने वाले बसंत सोनी ने बताया कि महतारी वंदन योजना का ऑनलाईन एप तो खुल रहा है लेकिन आवेदन का नहीं बता रहा है। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन राशन कार्ड नवीनीकरण में एप डाउनलोड कर डिटेल डाल दिये जाने पर ओके हो जाता था। यानेकि आपका राशन कार्ड का नवीनीकरण हो गया है। इसकी सूचना भी मोबाइल में आ जाती थी लेकिन महतारी वंदन योजना के साथ ऐसा नहीं हो रहा। महतारी वंदन योजना का ऑनलाईन एप खुल रहा है। लेकिन डिटेल डालने के लिए आवेदन का सिस्टम ब्लॉक बता रहा है। इस सम्बंध में जनसम्पर्क अधिकारी उषा किरण मेडम से पूछे जाने पर बताया कि ऑनलाईन बता रहा है तो फिलहाल ऑफलाइन आवेदन का उपयोग करें।

### 0 डीटेल की माथापच्ची

बताया जाता है कि आफलाइन आवेदन में तीन तरह के फार्म है जिसमें 10 तरह के डॉक्यूमेंट मांगे गए है। इसमें स्वयं सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साइज फोटो, स्थानीय निवास के सम्बंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता प्रमाण पत्र स्वयं या पति का आधार कार्ड, स्वयं या पति का पेन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है। जन्म प्रमाण पत्र के लिए 10वीं या 12वीं की अंक सूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए 1 जनवरी को 21 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी विवाहिता महिला होना आवश्यक है। वही विधवा व तलाकशुदा महिलाएं भी इसकी पात्र होगी। लेकिन इसके लिए विधवा महिला को अपने पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र तथा परित्यक्ता महिला को अपने पति से तलाक का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। लोग इसी में ही फेल खा रहे है।

बता दे कि सरकार द्वारा दी जा रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन में महिलाओं के लिए विधवा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन दिया जा रहा है। तब इन महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ पाने अलग से पति का मृत्य प्रमाण पत्र तलाक प्रमाण पत्र मांग जाने की क्या आवश्यकता है। अतः इन विधवा व परित्यक्ता महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा के तहत दी जाने वाली विधवा परित्यक्ता पेंशन के आधार पर ही महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाना चाहिए, क्योंकि महतारी वंदन योजना का प्रतिमाह एक हजार रूपए का लाभ लेने वाली महिलाओं से सामाजिक सुरक्षा के तहत मिल रहे विधवा व परित्यक्ता महिला का 500 रूपये प्रतिमाह का पेंशन काटकर ही लाभ दिया जाना है। तब महतारी वंदन योजना का लाभ पाने वाली विधवा व परित्यक्ता महिला से अलग से पति की मृत्यु प्रमाण पत्र पति से तलाक का प्रमाण पत्र मांगा जाना उचित नहीं है। इन गरीब महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए विधवा अथवा परित्यक्ता की जानकारी को ही सत्य मानकर उन्हें महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाना उचित होगा, ताकि महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए मांगे जा रहे अनावश्यक जानकारी अथवा कागजात के कारण परेशानी न उठानी पड़े। यदि ऐसा होता है तो महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं पाने वाली महिलाओं का सरकार के प्रति रोष बढ़ जाएगा जो कि सरकार के विपरित जा सकता है।

# डीपीएस में बिदाई समारोह



राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को ग्यारहवीं के छात्रों ने बिदाई दी।

शाला के निदेशकगण एवं प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने माँ सरस्वती की तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने अपने वरिष्ठ भाई-बहनों का अभिनंदन किया। उनके स्वागतार्थ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को प्रकट किये, जो लम्बे अरसे से विद्यालय में सीखा और समझा था।

शाला के निदेशक अभिषेक वैष्णव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का अविस्मरणीय पल है। जहां हमें गुरूओं के मार्गदर्शन में अपने जीवन को संवारने के लिए अवसर मिलता है इसका पल-पल सदुपयोग करें, तभी इसकी सार्थकता सिद्ध होगी। आप लोग जीवन में आगे बढ़ें, यही हमारी शुभकामनाएं है। शाला के निदेशक रामदेव राठी ने कहा कि फेयरवेल दो शब्दों से मिलकर बना है फेयर और वेल फेयर यानी सफर और वेल यानी अच्छा। इस शब्द का प्रयोग करने का अर्थ है कि आप सामने वाले को आने वाले समय के लिए बेहतर जिंदगी के लिए शुभकामनाएं दे रहे है और इस बात की आशा कर रहे है कि व्यक्ति की आने वाली जिंदगी का सफर अच्छा और समृद्ध रहे। शाला की प्राचार्या ने छात्र-छात्राओं को बेहतर जिंदगी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र और शिक्षक ये दोनों ही एक-दूसरे के पूरक होते है। शिक्षक भले ही छात्रों को शिक्षित करते है लेकिन उन्हें अपने छात्रों से भी बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। जहां एक तरफ वे उन्हें किताबी शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कार का पाठ पढ़ाकर उन्हें समय का पाबंद और एक जिम्मेदार व्यक्ति बनाते है तो वही दूसरी तरफ छात्र अपनी शिक्षा, संस्कार और समझदारी का परिचय देते हुए सफ्लता प्राप्त करते है और अपने शिक्षकों का मान बढ़ाते है।

## पहला कॉलम...

### खेल मंत्री ने किया सिद्धांत को सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। विगत 3 फरवरी को बिलासपुर में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 25 विभिन्न खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को वर्ष 2023-2024 हेतु खेलमंत्री टेकराम वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय बेसबाल खिलाड़ी सिद्धांत को भी वर्ष 2023-24 हेतु बेसबाल आफ द स्टार के अवार्ड से मंत्री द्वारा सम्मानित कर उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। सिद्धांत ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय छत्तीसगढ़ बेसबाल की महासचिव सुश्री मिताली घोष को दी, जिनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के बिना यह सफलता कल्पना मात्र थी। राजनांदगांव के बेसबाल कोच चंदन साहू, सोनल मरकाम एवं अन्य खिलाड़ियों ने सिद्धांत को बधाई दी।

### सूने मकानों के ताले टूटे... नगदी पार

राजनांदगांव (दावा)। छुईखदान क्षेत्र के ग्राम लिमतरा में अज्ञात चोर द्वारा सूने घर का ताला तोड़कर नगद 24 हजार पार कर दिया गया। बताया जाता है कि इस दौरान घर के सदस्य काम पर गए हुए थे वही बच्चे पढ़ाई करने स्कूल गए थे। वापिस घर लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ पाया गया व सामान अस्त-व्यस्त बिखरे पड़े थे और चोर घर में रखे नगदी रकम चोरी कर ले गए थे। इसी तरह गत दिनों सोमनी में सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे करीब 18 हजार रूपए ले गए। पुलिस द्वारा मामले को जांच में ले लिया गया है।

### किराने की दुकान में चोरी

राजनांदगांव (दावा)। घुमका थाना क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियों का सिलसिला खत्म होते नजर नहीं आ रहा है। थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरडीह में अज्ञात चोर द्वारा किराना दुकान का ताला तोड़कर 25 हजार के सामानों की चोरी कर ली गई। घटना के संबंध में प्रार्थी मोहन लाल ने बताया कि वह अपनी दुकान को रात में बंद कर घर चला गया था। रविवार की सुबह आकर देखा तो दुकान का ताला टूटा मिला वही उसके दुकान में लगे सीसी टीवी को देखा तो वह बंद दिखाई दिया। अज्ञात चोर ने सीसी टीवी कैमरे में तोड़-फोड़ दुकान से करीब 25 हजार के सामानों की चोरी कर ली। बताया जाता है कि चोर सीसी टीवी कैमरे के डीवीआर भी स्वयं ले गए है। पुलिस द्वारा प्रार्थी के रिपोर्ट पर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पेन्ड्री में सामुदायिक भवन (आदिवासी समाज) का महापौर ने किया लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 20 पेन्ड्री में पार्षद निधि अंतर्गत 2.50 लाख रूपये की लागत से आदिवासी समाज के लिये सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में सामाजिक बुधओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में वार्ड की पार्षद श्रीमती शकीला बेगम, पूर्व पार्षद अंदरूष ठाकुर,पार्षद प्रतिनिधि इशाक खान विशेष रूप से उपस्थित थे।

लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि, सामाजिक बंधुओं के द्वारा पेन्ड्री में समाज के लिये सामुदायिक भवन बनवाने की मांग किये थे, उनकी मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर पार्षद श्रीमती शकीला बेगम ने अपनी निधि से 2.5 लाख रूपये की स्वीकृति दी जिससे नगर निगम द्वारा भवन का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण होने से अब समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये एक उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि भवन बनने से समाज का विकास नहीं होता वरन एकजूट होकर समाज के लोगों के हित में कार्य करने से, समाज के बच्चों को शिक्षित करने से समाज का विकास होता है। समाज को आवश्यकता अनुसार इसी प्रकार का सहयोग समय समय पर किया जायेगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आदिवासी समाज के बेलस ठाकुर,तालूकराम देवदास, परस लहरे, कुलेश्वर ठाकुर, ढोमू ठाकुर, धनपत ध्रुव, सरस्वती बाई, श्याम बाई, कांती बाई, रेवाराम साहू, श्यामलाल सिन्हा, रामरतन, जन्मेजय यादव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने भगवान बुढ़ादेव की पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकापर्ण किया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## भर्रेगांव का महाशिवरात्रि मेला रद्द

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 8 मार्च को भर्रेगांव के राफुर गोदी पाट पर लगने वाला महाशिवरात्रि मेला रद्द कर दिया गया है। इसकी वजह भर्रेगांव की मंडई में एक युवक की हत्या हो जाना बताया जा रहा है। उक्त घटना के चलते गांव में अप्रिय स्थिति निर्मित होने न पाए इसलिए निषाद समाज प्रमुख गज्जु व भागवत निषाद द्वारा उक्त फैसला लिया गया है। इस सम्बंध में भर्रेगांव ग्राम पंचायत व निषाद समाज द्वारा एक बैठक भी लिया गया था। गांव के बलभद्र चन्द्राकर ने बताया कि फिलहाल उपरोक्त कारणों से भर्रेगांव के उक्त स्थल पर लगने वाला महाशिवरात्रि मेला निरस्त कर दिया गया है।

## आजाद चौक में भरत वर्मा का चौपाल ग्रुप के द्वारा भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता भरत वर्मा को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर आजाद चौक ने फटाखे फोड़कर उत्सव के साथ भरत वर्मा का स्वागत किया, स्वागत उपरांत भरत वर्मा ने पुखराज कांकरिया, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, भाजपा के फाउंडर मेंबर नरेश बैद पतली एवं प्रकाश सांखला से आशीर्वाद लिया। इस दौरान पवन मेश्राम, बालू भंसाली, राजू छाजेड़, मनीष गोलछा, मूलचंद भंसाली, वीरू जैन, राजेन्द्र जैन, बंटू सुशील लढ्ढा, मुकेश जैन, वरुण गुप्ता सहित अनेक लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

# एनपीएस के नौनिहालों ने किए धार्मिक स्थलों के दर्शन



राजनांदगांव (दावा)। जिले की ख्यातिलब्ध शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल के प्री-प्राईमरी विंग के विद्यार्थियों ने विगत सप्ताह सर्वधर्म समभाव की धार्मिक आस्था से जुड़ते हुए शैक्षणिक भ्रमण के तहत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन किए।

विद्यार्थियों ने 29 जनवरी को स्टेशन पारा स्थित वेसलियन चर्च, 30 जनवरी को शहर की अधिष्ठात्री देवी माँ कालिका पाताल भैरवी, 31 जनवरी को इंदामरा स्थित एबीस द्वारा निर्मित नई मस्ज़िद तथा 01 जनवरी को गुरूद्वारा जाकर दर्शन किया। शैक्षणिक भ्रमण दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही शिक्षिकाओं तथा प्राचार्या द्वारा अध्यात्म के साथ-साथ साम्प्रादायिक सद्भाव का महत्व विद्यार्थियों को समझाया गया। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते, प्री-प्राईमरी विंग की ऐकेडेमिक इंचार्ज श्रीमती नुसरत बानों सहित प्री-प्राईमरी विंग की समस्त शिक्षिकाऐं विद्यार्थियों के साथ उपस्थित थी।

### शपथ- पत्र

यह कि मै शपथकर्ता रूखमनी साहू वर्ष 2001 से मोजेश कुमार हेमरोम पिता प्रभूदयाल हेमरोम निवासी गौरी नगर, वार्ड नं. 14, शहर, तहसील व जिला राजनांदगांव के साथ निवास करते चले आ रही हूं। यह कि मैं पूर्ण रूप से बालिग हो चुकी हूं और मैं अपने अच्छे व बुरे के बारे में समझने के लिए सक्षम हूं। मैं अपने स्वेच्छा से मोजेश कुमार हेमरोम के घर को छोड़ कर जा रही हूं। भविष्य में यदि किसी भी प्रकार की घटना या दुघर्टना आदि होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मुझ शपथकर्ती की होगी है। उसके संबंध में मोजेश कुमार हेमरोम या उसके परिवार किसी भी प्रकार के जिम्मेदार नहीं होंगे। यह कि मैं अपने स्वेच्छा से मोजेश कुमार हेमरोम के घर को छोड़ कर जा रही हूं। उक्त आशयः हेतु यह शपथ पत्र श्रीमान के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
रूखमणी साहू आ. मोहन साहू
गौरीनगर, वार्ड नं 14,
राजनांदगांव (छ.ग.)

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
0-3-4
137-1 268-6
राजधानी
2-5-8
340-7 359-7

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## कार्यालय, कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

**(प्रारूप-क)**

राज्य शासन के विभाग / उपक्रम / संस्था परियोजना प्रबंधक (सिचाई परियोजना) छत्तीसगढ़ ''कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कवर्धा'' जिला कबीरधाम (छ.ग.) विभाग के द्वारा घोघरा व्यपवर्तन योजना अंतर्गत मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु ग्राम पलानसरी (पूरक प्रकरण) प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. मोहगांव तहसील कुण्डा, जिला कबीरधाम छ.ग. के प्रभावित किसानों की निजी भूमि को ''सार्वजनिक प्रयोजन'' के लिए आवश्यकता होने से राज्य शासन, उपक्रम / संस्था निम्नांकित कृषक की नीजि भूमि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत भू-अर्जन करना चाहता है -

तहसील-कुण्डा, नगर/ग्राम-पलानसरी

| क्रमांक | सरल क्रमांक | कृषक का नाम एवं पिता/पति का नाम | जाति | खसरा नंबर | क्रय करने हेतु प्रस्तावित अर्जित रकबा | | स्थावर परि सम्पत्तियों का विवरण | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | एकड़ | हेक्टे. | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 1 | शत्रुहन, सुखचैन, सुरेशकुमार पिता बिशाल, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 20 | 0.12 | 0.049 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 2 | 2 | अयोध्या प्रसाद पिता दुलार, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 38/2 | 0.10 | 0.040 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 3 | 3 | कपील पिता अयोध्या प्रसाद, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 38/4 | 0.10 | 0.040 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 4 | 4 | बिशाल पिता दुलार, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 39/1 | 0.07 | 0.028 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| | | | | 40/2 | 0.01 | 0.004 | | |
| | | | | 39/3 | 0.02 | 0.008 | | |
| | | योग- | | 3 | 0.10 | 0.040 | - | |
| 5 | 5 | सिधवा पिता रामाधीन, जाति तेली, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 300/1 | 0.26 | 0.105 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 6 | 6 | सुरेश पिता लतेल, जाति तेली, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 300/4 | 0.05 | 0.020 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 7 | 7 | श्रवण पिता अयोध्या, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 66/3 (394/2) | 0.08 | 0.032 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 8 | 8 | जलेश पिता फिरतु, जाति केंवट, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 67/2 | 0.05 | 0.020 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 9 | 9 | विजय कुमार पिता शत्रुहन, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 288/4 (655/3) | 0.11. | 0.044 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 10 | 10 | लालाराम, परेटनबाई, मेलनबाई, बुदीबाई, गिरजाबाई पिता बुधराम, जाति रावत, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 299 | 0.24 | 0.097 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 11 | 11 | उत्तरा बाई पति तेरसूराम, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 277/2 | 0.12 | 0.049 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 12 | 12 | नवीन पिता तेरसूराम, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 277/3 | 0.10 | 0.040 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| | | | | 298/3 | 0.11 | 0.044 | | |
| | | योग - | | 2 | 0.21 | 0.084 | | |
| 13 | 13 | चंद्रशेखर पिता तेरसूराम, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 298/1 | 0.27 | 0. 109 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 14 | 14 | मोहन पिता लवकुश, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 288/1 | 0.11 | 0.044 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 15 | 15 | विष्णु पिता संतराम जाति कुर्मी. सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 293/2 | 0.26 | 0.105 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| | | | | 294/1 | 0.06 | 0.025 | | |
| | | | | 295/2 | 0.27 | 0.108 | | |
| | | | | 320/2 | 0.08 | 0.032 | | |
| | | | | 323/1 | 0.15 | 0.061 | | |
| | | | | 323/2 | 0.15 | 0.061 | | |
| | | | | 318 | 0.18 | 0.072 | | |
| | | योग- | | 7 | 1.15 | 0.464 | | |
| 16 | 16 | रमेश पिता विष्णु, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 320/3 | 0.08 | 0.032 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 17 | 17 | सतीशकुमार पिता सोनसाय, जाति तेली, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 466/2 | 0.12 | 0.049 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 18 | 18 | कांति बाई पति सोनसाय, जाति तेली, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 446/4 | 0.12 | 0.049 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 19 | 19 | टेकेश्वर पिता इन्द्रावन, जाति तेली, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 1173/1 | 0.13 | 0.053 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 20 | 20 | गेवेन्द्र पिता इन्द्रावन जाति तेली, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 1178/2 (1184/2) | 0.50 | 0.202 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 21 | 21 | इन्द्रावन पिता कंजाराम, जाति तेली, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 1187/3 (1188) | 0.30 | 0.121 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 22 | 22 | नान्हू उर्फ हरनारायण पिता घुरऊप्रसाद, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 1249/4 | 0.16 | 0.065 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| | | | | 1250/5 | 0.80 | 0.324 | | |
| | | | | 1254/2 | 0.22 | 0.089 | | |
| | | योग- | | 3 | 1.18 | 0.478 | | |
| 23 | 23 | नारद उर्फ श्यामनारायण पिता घुरऊप्रसाद, जाति कुर्मी, सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 1253/2 (1287) | 0.90 | 0.364 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 24 | 24 | मंगल पिता परसराम, गौकरण, अक्षय कुमार, बृहस्पति, पिंकी, निशा पिता उत्तम, चन्द्रिकाबाई पति उत्तम, जाति सतनामी, सा. पलानसरी | अ.जा. | 1294/2 | 0.06 | 0.024 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 25 | 25 | शीतल दास पिता सुन्दर दास, जाति बनिया, सा. पाण्डातराई | सामान्य | 1300/3 | 0.26 | 0.105 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| | | | | 1302/2 | 0.15 | 0.060 | | |
| | | योग - | | 2 | 0.41 | 0.165 | | |
| 26 | 26 | हनुमानदास पिता महंतदास, जाति वनिया, सा. पाण्डातराई | सामान्य | 1303/4 | 0.20 | 0.080 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 27 | 27 | हजारी भागवत दुलोरिन बाई पिता चैतु, अमोला बाई वि. चैतु ना.बा. भुनेश्वरी पिता भीखम ना.बा. वली मां मीथिला बाई जाति रावत सा. अधियारखोर | अ.पि.व. | 1051/5 (1051/6 1051/7) | 0.20 | 0.080 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| 28 | 28 | शत्रुहन पिता रामजी जाति तेली सा. पलानसरी | अ.पि.व. | 3/2 | 0.03 | 0.012 | - | मुख्य नहर विस्तारीकरण हेतु |
| | | महायोग- 28 | | 40 | 7.30 | 2.946 | | |

यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर आपत्ति के आधार सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जी- 07529/1

(जन्मेजय महोबे)
कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
साऊथ की रोमांस, एक्शन से भरपूर सुपर हिट हिन्दी भाषा में
सालार
कलाकार - प्रभास, श्रुति हासन, पृथ्वीराज कुमारन, टिनू आनंद जगपती बाबू, श्रिया रेड्डी आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
02nd Feb to 08th Feb 2024




Fighter - 12:30, 03:30 06:30 and 09:30 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाओं ने दिखाया विशेष रूझान

राजनांदगांव (दावा)। जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाओं ने विशेष रूझान दिखाया है। महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आज लगभग 8400 फार्म भरे। इस योजना के प्रति महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर की है। योजना की पूरी जानकारी लेने, दस्तावेज देने एवं फार्म भरने की पूरी प्रक्रिया के दौरान महिलाओं में उत्साह एवं प्रसन्नता रही। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना के तहत जिले में पात्र महिला हितग्राहियों से फार्म जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन पत्र भरने की संपूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क है। आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना कार्यालय, नगरीय क्षेत्रों में वार्ड कार्यालय में फार्म भरे जा रहे हैं। पात्र आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी हैं। अन्तिम सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। अन्तिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा।



- इस योजना का लाभ लेने के लिए आज लगभग 8400 फार्म भरे
- योजना की पूरी जानकारी लेने, दस्तावेज देने एवं फार्म भरने की पूरी प्रक्रिया के दौरान महिलाओं में उत्साह एवं प्रसन्नता रही
- पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा

महतारी वंदन योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ की स्थानीय निवासी महिला पात्र है। आवेदक के कैलेण्डर वर्ष अर्थात जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के पात्र होंगी। हितग्राही पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर राशि का भुगतान किया जाएगा।

योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिला आवेदक को स्वसत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र या ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि विवाहित होने की पुष्टि के संबंध में कोई भी दस्तावेज उपलब्ध न हो तो विवाहित महिला द्वारा स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।

विधवा होने की स्थिति में पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड या ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस, पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति, स्वघोषणा पत्र या शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाईल नंबर नहीं है, तो इसके स्थान पर हितग्राही द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः प्रस्तुत किया जाना होगा। महतारी वंदन योजनांतर्गत जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग, उपक्रम, मण्डल, स्थानीय निकास में स्थायी, अस्थायी या संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग के अधिकारी या कर्मचारी हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य वर्तमान या भूतपूर्व सांसद या विधायक हो, जिनके परिवार का कोई सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड, निगम या मण्डल में वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हो। महतारी वंदन योजना के संबंध में अन्य जानकारी हेल्प लाईन नंबर 07744-220405 से प्राप्त की जा सकती है।

# डोंगरगाव पुलिस ने 13 जुआरियन के पास व फड़ से कुल डेढ़ लाख रुपये नगद जप्त किया



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव के थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में जुआ, शराब, चोरी के गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है, इसी तारतम्य मे दिनांक 05 फ रवरी को ग्राम अर्जुनी मे दरी बिछाकर फड़ लगाकर 52 पत्ती ताश के पत्तों पर रूपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का जुआ नामक खेल खेला जा रहा है, पता चलने पर तत्काल थाना प्रभारी थाना डोंगरगांव द्वारा टीम गठित कर सुनियोजित तरीकों से लाखों में चल रहे जुआं फड़ ग्राम अर्जुनी पर रेड कार्यवाही कर कुल 13 जुआरियान कृष्णा साहू पिता स्व. आनंदराम साहू उम्र-40 साल निवासी तुलसीपुर वार्ड नं. 17 राजनांदगावं, लोकेश्वर साहू पिता धनुष साहू उम्र 23 साल, घोरदा जंगलपुर, भुवन साहू पिता जे.पी. साहू उम्र-42 साल जंगलपुर, संजय पिता निर्मलसिंह उम्र 50 साल, पता- कंडरापारा जैन मोहल्ला, वार्ड नं. 05 डोंगरगांव, आशीष शेण्डे पिता सिद्धार्थ शेण्डे, उम्र 28 साल पता बोधीटोला डोंगरगांव, गणपत उईके ऊर्फ राय पिता स्व. गिरीश उईके उम्र 38 साल, पता- अर्जुनी, भीष्मदेव उर्फ गोलू सिन्हा पिता महेश सिन्हा उम्र 40 साल निवासी ग्राम कोकपुर, पीयुष उम्र- 24 साल, पता- हरिओम नगर डोंगरगांव, सज्जन टांडेकर पिता स्व. नंदकिशोर टांडेकर उम्र 29 साल पता रामपुर, भीम राजपुत पिता स्व. भुवनसिंह राजपूत उम्र 36 साल, पता-मटिया रोड, डोंगरगांव, विकास कुमार पिता केयुर भूषण उम्र- 28 साल, पता- बम्हनीभाठा, भूपेन्द्र निर्मलकर पिता निलम निर्मलकर उम्र 24 साल निवासी बोधीटोला, जितेन्द्र कुमार सेन पिता प्रदीप सिंह सेन उम्र 39 साल निवासी बोधीटोला को पकड़ा गया जिनके पास से कुल 1,19,570 रूपये एवं फड़ से कुल 38400 रूपये नगदी कुल रकम 1,57,970 रूपये, 1 नग दरी, 1 बंडल 52 पत्ती ताश, 7 नग मोटर सायकल कीमती 3,10,000 रूपये कुल जुमला रकम 4,67,970 रूपये को जप्त कर आरोपियों जुआरियानों को जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। रेड कार्यवाही में सउनि देवकुमार रावटे, प्रधान आरक्षक भुपेन्द्र कौचे, प्रधान आरक्षक मायासिंह गौर, आरक्षक योगेश साहू, चंद्रपाल, सत्येन्द्र डहरे, जितेश साहू, आशाराम, कौशल सुधाकर, महतसिंह, धर्मेन्द्र मांडले, सगनु निषाद, राकेश कुमार साहू का विशेष योगदान रहा। संदिग्ध गतिविधियों पर थाना डोंगरगांव की कार्यवाही जारी रहेगी।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का होगा ऐतिहासिक स्वागत - कुलबीर छाबड़ा



राजनांदगांव (दावा)। मणिपुर से मुम्बई के लिए निकली राहुल गांधी की न्याय यात्रा 8 फरवरी को छत्तीसगढ़ पहुंचने वाली है। इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही है। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का छत्तीसगढ़ में एतिहासिक स्वागत होगा। इस संदर्भ में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक प्रेस वार्ता लेकर बताया गया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा 8 फरवरी को छत्तीसगढ़ पहुंचने वाली है। जिसे लेकर लोगों में काफी उत्साह बना हुआ है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 फरवरी को मणीपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकली गई है जो अब छत्तीसगढ़ 08 फरवरी को पहुंचने वाली है। यह न्याय यात्रा प्रदेश के 07 जिलों 536 किमी होकर गुजरेगी। श्री छाबड़ा ने जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी महामंत्री अमित चंद्रवंशी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ खान व दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन की उपस्थिति में आगे की जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की छत्तीसगढ़ आगमन होने पर ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। जिसको लेकर प्रदेशवासियों व कांग्रेस के कार्यकर्ता अत्यंत उत्साहित है। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ में 08 फरवरी को प्रातः 10 बजे रायगढ़ से प्रवेश करने के बाद यात्रा छत्तीसगढ़ में 9 एवं 10 फरवरी को दो दिन विश्राम करेंगी। दो दिन बाद 11 फरवरी को यात्रा रायगढ़, सक्ति, कोरबा होते हुए अंबिकापुर के रास्ते उत्तरप्रदेश में प्रवेश करेगी।

**न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ के 7 जिलों से 536 किमी होकर गुजरेगी**

### लोगों के जख्मो पर मरहम

कुलबीर ने कहा कि यात्रा का हमारे प्रदेश से गुजरना हम सबके लिए गौरव का विषय है। छत्तीसगढ़ में यह यात्रा राज्य के 7 जिलों से होकर गुजरेगी तथा 536 किलोमीटर 5 दिनों तक राहुल गांधी छत्तीसगढ़ में रहेंगे।

श्री छाबड़ा ने आगे बताया कि 14 जनवरी को मणीपुर से मुंबई तक शुरू हुई यह न्याय यात्रा 67 दिनों में 110 जिलों से गुजरते हुए 6700 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करेगी। राहुल गांधी की यह यात्रा भूखमरी, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, सांप्रदायिक विद्वेष के दौर में लोगों के जख्मों में मरहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखण्डता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ों न्याय पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है।

### यात्रा से डरी भाजपा

प्रेस वार्ता में कहा गया है आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ों जैसे पदयात्रा की जरूरत है। राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा की शुरूआत से ही भाजपा डर गयी है। मणीपुर सरकार ने इम्फाल में यात्रा की शुरूआत से ही बाधा पहुंचाने का काम की है लेकिन कांग्रेस के लोग इन सब बाधाओं से डरने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव से बड़ी संख्या में कांग्रेसीजन इस न्याय यात्रा मे शामिल होंगे।

# 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का कल समापन

राजनांदगांव (दावा)। 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 का समापन समारोह बुधवार 7 फरवरी 2024 को अपरान्ह 3 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, समाजसेवी सुरेश एच लाल, रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल, समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ विनोद खाण्डेकर, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम किशुन यदि, पूर्व महापौर अजीत जैन, समाजसेवी तरूण लहरवानी, समाजसेवी हर्ष रामटेके, पूर्व ओलम्पियन श्रीमती रेणुका यादव एवं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित रहेंगे।

# महतारी वंदन योजना की प्रक्रिया आसान, सभी हितग्राहियों को मिलेगा लाभ - किशुन यदु



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने छ.ग. भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना को महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उठाया गया मजबूत कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि-आज तक सरकारें और राजनीतिक दलों ने महिलाओं को सशक्त करने के दावे तो किए लेकिन असल परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और भाजपा की संकल्पबद्धता से आया है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की बात हो या फिर अपनी आकांक्षाओं से समझौता करने वाली महिलाओं को सपने देखने की आजादी देने की बात..भाजपा ने महिला वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराया है।

**महिलाओं की मदद के लिए जमातपारा में लगा शिविर**

गौरतलब है कि 5 फरवरी यानी सोमवार से महतारी वंदन योजना की लिए आवेदन किए जाने शुरुआत हुई है। इस मौके पर शहर के वार्ड नं. 24 जमातपारा में भाजयुमो जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी और पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं के सहयोग के लिए शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में महतारी वंदन योजना के आवेदन भरने और उसके लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी हितग्राहियों को देकर उनकी मदद की जा रही है। सुनिश्चित किया जा रहा है कि, सभी महिलाएं इस योजना से जुड़ें और उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो। सोमवार को आयोजित इस शिविर में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु भी शामिल हुए। उन्होंने यहां मौजूद महिला हितग्राहियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी और यहां मदद करने के लिए मौजूद युवा कार्यकर्ताओं को भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि-विवाह प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में उसके विकल्प दस्तावेजों को जमा किया जा सकता है। भाजपा सरकार ने योजना से जुड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाया है जिससे आसानी होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना की प्रक्रिया आसान है और कोई भी हितग्राही इस योजना से वंचित नहीं होगा।

# पुलिस ने शहर के कबाड़ी दुकानों पर की ताबड़तोड़ छापा मारी

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के नेतृत्व में साइबर सेल प्रभारी, थाना कोतवाली प्रभारी, थाना बसंतपुर प्रभारी द्वारा अलग-अलग टीम गठित कर राजनांदगांव शहर के विभिन्न कबाड़ी दुकानों में छापा मार कार्यवाही की गई। जिसके तहत हासम मेमन पिता ताश मोहम्मद मेमन, निवासी कंचनबाग लखोली थाना कोतवाली राजनांदगांव के कब्जे से ड्यूटी स्कूटी सिल्वर कलर का रजिस्ट्रेशन नंबर सीजी-जे 2991 इंजन नंबर जे एफ 33एएसीजी 1986, स्कूटर क्रमांक सीजी-07/एलबी 3394 काला कलर का जिसका चेचिस नंबर ओजी 3एबी 2365773, नीला कलर हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस रजिस्ट्रेशन नंबर सीजी-04/डीडी92270 इंजन नंबर एनए10 इए8एच503449 मिलने पर दस्तावेज की जांच की जा रही है। दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु धारा 91 में जा.फौ. का नोटिस दिया गया है, दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इसी प्रकार पुलिस चौकी चिखली क्षेत्रांतर्गत ग्राम गठुला के कबाड़ी दुकान मोहम्मद इमरान खान पिता मोहम्मद इब्राहिम खान निवासी चिखली वार्ड नं. 5 ओ.पी. चिखली थाना कोतवाली राजनांदगांव को चेक किया गया जिसके कबाड़ी गोदाम में 01 वाहन टाटा 1109 वाहन क्रमांक सीजी-07/सी4725 के मिलने पर दस्तावेज की जांच की जा रही है दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु धारा 91 में जा.फौ. का नोटिस दिया गया है। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा रफीक खान कबाड़ी गोदाम ममतानगर राजनांदगांव को भी चेक किया गया।

# अर्जुनी में हुए लाखों की चोरी का खुलासा, पड़ोसी ही निकला चोर



डोंगरगांव (दावा)। ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी।की घटनाएं बढ़ रही है। विगत दिनों ग्राम अर्जुनी में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारी के घर में चोरी की वारदात हुई थी। वहीं बीती रात एक कंप्यूटर शॉप में कुछ सामानों की चोरी हुई है और दो अन्य दुकान के ताले टूटे हैं। इधर 30 जनवरी कोई हुई लाखों रुपए के गहने और नगदी के चोरी के मामले में डोंगरगांव पुलिस को सफलता मिली है। इस मामले में एसडीओपी दिलीप सिंह सिसोदिया व निरीक्षक उपेंद्र शाह ने पत्रकार वार्ता में बताया की 30 जनवरी 2024 को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम अर्जुनी क्वाटर जी-4 में दिनांक 29 जनवरी 2024 को रात्रि करीब 08.15 को राजनांदगांव शादी मे सम्मिलित होने सहपरिवार गये हुये थे। रात्रि 11.45 बजे अपने क्वाटर क्रमांक जी-4 मे वापस आये तो पाया कि दरवाजा का ताला टुटा हुआ था। अंदर जाकर देखेने पर आलमारी एवं लॉकर टुटा मिला। जिसमे नगदी रकम 20 हजार एवं सोने का नेकलेस, इयररिंग, लाकेट एवं सोने का मंगलसुत्र चैन लगभग 2 लाख 30 हजार के जेवरात रूपये , कुल ढाई लाख रूपये को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। उनकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।वरिष्ठ अधिकारीयों के दिशा निर्देश में विवेचना प्रारंभ हुई और लगातार क्षेत्र के संदिग्धों से सरगर्मी से पुछताछ किया गया। पुछताछ में पता चला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पडोस में निवासरत आरोपी पुनित राम देवांगन पिता लेखुराम देवागंन द्वारा शादी में बाहर कब जायेंगे कितने बजे जायेंगे पुछताछ कर रहा था एवं प्रार्थिया यमिनी साहू के शादी में जाने का इंतजार कर रहा था। जैसे ही प्रार्थिया 08.15 बजे शादी केलिए रवाना हुई। उसके बाद आरोपी पुनित राम द्वारा द्वारा हथोडी एवं बिन्हा की मदद से ताला को तोड़कर कर घर में प्रवेश किया और अलमारी को तोड कर उसमें रखे जेवरात एवं नगदी रकम 20 हजार रूपये चोरी कर ले गया। आरोपी पुनित राम द्वारा चोरी किये जेवरत एवं नगदी 15 हजार रूपये को ओरोपी के निशादेही पर ग्राम कोटवार राजाराम की मदद से बनिया भाठा आरोपी के खेत से एवं उनके घर से बरामद कर पुलिस ने कब्जे में लिया गया। आरोपी पुनित राम देवांगन उम्र 44 वर्ष निवासी अर्जुनी को विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। इस मामले में एसआई लाभाराम ध्रुव, आरक्षक योगेश साहू व गौरव टंडन का सराहनीय योगदान रहा।

# नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री रामजी भारती का धर्मनगरी में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए गए रामजी भारती का धर्मनगरी में आगमन होते ही कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में मजबूत दावेदारी पेश करने वाले श्री भारती को भाजपा प्रत्याशी के रूप में मिलने वाले टिकट से जातिगत समीकरण के चलते वंचित होना पड़ा था। किंतु उन्होंने समर्पित कार्यकर्ता के रूप में भाजपा प्रत्याशी के लिए पूर्व की भांति कार्य किया। देखा जाये तो श्री भारती को भाजपा संगठन में प्रदेश स्तर का जवाबदार पद देकर प्रदेश संगठन उनके अनुभव का लाभ लेंगी। यही कारण है कि श्री भारती के समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

धर्मनगरी डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक रामजी भारती को भाजपा के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर डोंगरगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। राजनांदगांव से डोंगरगढ़ के लिए रवाना हुए श्री भारती का ग्राम पंचायत मुसरा पहुंचने पर सरपंच कमल निर्मलकर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। उसी प्रकार ग्राम पंचायत माड़ीतराई, बेलगांव, घुसेरा, अछोली से लेकर डोंगरगढ़ शहरी सीमा के अंतर्गत आने वाले करबला चौक में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री भारती का जयस्तंभ चौक बुधवारी पारा, गोलबाजार, वार्ड नंबर 17 के पार्षद राकेश अग्रवाल, वार्ड नं 3 की पार्षद प्राची सौमित्र सोनी के निवास एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हरजीत सिंह अरोड़ा के निवास सहित मान होटल के पास कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके नगर आगमन होते ही जगह-जगह जमकर पटाखे फोड़कर मिठाइयां बांटी।



**ग्रामीण अंचलों में हुए भव्य स्वागत के बाद शहर पहुंचे भारती, विभिन्न आयोजनों में भाग लिया**

इस दौरान प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील जैन (चीकू), प्रकाश चौरड़िया, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, महेंद्र वैष्णव, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, मोहम्मद गौस, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, मनोज नेताम, शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, महामंत्री राकेश अग्रवाल, संतोष राव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, महामंत्री लखन जंघेल, कचरू साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, अमित छाबड़ा, परविंदर सिंह मोंटी, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, हेमलाल वर्मा, देवेंद्र यादव, डालचंद मेश्राम, सुरेश वर्मा, पीतांबर सिन्हा, नागेन्द्र परिहार, सरफराज नवाज, डीकेश राव, सौमित्र सोनी, जसमीत बन्नोआना, वीरेंद्र साहू, प्रिंस कक्कड़, उपकार साहू, अलका जयेश सहारे, हरीश मोटघरे, सुमित ताम्रकार, एसपी मिश्रा, दुर्गेश साहू, गुरविंदर सिंह भाटिया, गंगाधर साहू, शैलेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, श्याम तिवारी, जयंत साहू, रेखराज साहू, चुन्नी यादव, कमल निर्मलकर, बजरंग साहू, विनोद वैष्णव, शिव टेम्भुरकर, अब्दुल कादर, आवेश निगम, अर्चला सिंह ठाकुर, अनीता इंदुरकर, संगीता राजपूत, वात्सल्य श्रीवास्तव, सुमन पांडे, नम्रता चौहान, देवेंद्र साहू, रामाधार ओझा, अमित बोस, पप्पू नामदेव, महेंद्र तिवारी, हरजिंदर सिंह पोले, प्रकाश अग्रवाल, अशोक दास साहू, कन्हैया अग्रवाल, आदित्य मिश्रा, सावन टेंबुरकर, ओमप्रकाश साखरे, वीरेंद्र सोनी मारुति, हेमलता तिवारी, सुलभा सिह, चंद्रकला राजपूत, उम्रावती शाह, जसबीर चौहान, मनीष दरगढ़, अमन नामदेव, सतीश मांडवी, रंजीत यादव, झूलेंद्र वर्मा, लेखराज, शैलू साहू, उत्तम ठाकरे, हरेंद्र दास, मनहरन गीर, धीरज शर्मा, अखिलेश गढ़ेवाल, गिंदर पाल सिंह भाटिया, अभिषेक साहू, दुर्गेश साहू, कुंदन गीर, गोल्डी सिन्हा, प्रदीप कंवर, रवि यादव, मोहन साहू, त्रिलोक साहू, हरि निषाद, दीपक यादव, वासु कवडे, स्वर्ण कुमार मंडावी, खोरबहरा सिन्हा, ईश्वर साहू, ऋषभ रजक, जयकांत सिन्हा, डिंपी महापात्र, हीरा पटेल, किशन पटेल, हरीश धुर्वे, महेंद्र साहू, देव कुमार पटेल, मुकुंद कंडरा सहित शहर व ग्रामीण के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रामजी भारती के भाजपा प्रदेश महामंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न चौक चौराहा में आतिशबाजी के साथ श्री भारती का भव्य स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उमंग और उत्साह देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ता श्री भारती का स्वागत सत्कार ऐसे कर रहे थे मानों विधानसभा जीत कर विधायक आए हो।

### मां बम्लेश्वरी सहित विभिन्न धर्मस्थलों का पर पूजा अर्चना की

प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा महत्वपूर्ण जवाबदारी मिलने के बाद प्रथम नगर आगमन में श्री भारती ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मां बमलेश्वरी देवी सहित शहर में स्थित विभिन्न धर्म स्थलों पर पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। श्री भारती ने सर्वप्रथम नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर, बुधवारी पारा स्थित हनुमान मंदिर, गुरुद्वारा, कालकापारा स्थित बुद्ध विहार सहित अन्य धार्मिक स्थलों में पूजा अर्चना की।

### प्रदेश की सभी 11 सीटें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को होगी समर्पित

मीडिया से चर्चा के दौरान श्री भारती ने देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुखिया व भाजपा के वरिष्ठजनों का धन्यवाद किया साथ ही छत्तीसगढ़ के पूरी 11 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने का संकल्प लिया। भारत को आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत बनाने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिए गए संकल्प को पूरा सहयोग करने के लिए कार्य करने की बात कही। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश संगठन में मुझे जिम्मेदारी सौपी है, उसके लिए हम सब मिलकर जनकल्याण की दिशा में कार्य करेंगे।

## अनमोल दावा

> **अगर आप जिंदगी में कुछ हासिल करना चाहते हो तो मेहनत से दोस्ती कर लो !**

## लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारों से प्रतिरोधी आवाजों को सम्मान करने की अपेक्षा उचित

राजनीतिक यात्राएं पहले भी राजनेता करते रहे हैं, मगर जिस तरह का टकराव भारत जोड़ो न्याय यात्रा और असम सरकार के बीच देखने को मिल रहा है, वैसा शायद कभी नहीं हुआ। हालांकि इसके कयास पहले से लगाए जा रहे थे, क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के बीच पहले से तल्ख रिश्ते रहे हैं।

यात्रा के असम में प्रवेश करते ही राहुल गांधी ने असम सरकार पर तीखा प्रहार कर दिया। उसे देश की सबसे भ्रष्ट सरकार कह दिया। उनकी प्रतिक्रिया में हिमंत बिस्व सरमा ने पूरे गांधी परिवार को ही भ्रष्ट करार दे दिया। ऐसी बयानबाजियां दलगत राजनीति में कोई नई बात नहीं हैं। पक्ष और प्रतिपक्ष एक-दूसरे पर, खासकर चुनाव नजदीक आने पर, ऐसे जुबानी हमले करते ही हैं।

मगर जैसा कि कांग्रेस का आरोप है, राहुल गांधी की यात्रा में शामिल वाहनों पर पथराव किया गया, उसे शायद ही कोई उचित माने। फिर मुख्यमंत्री खुद इस यात्रा को अनुशासित करने के नाम पर मैदान में उतर आए। उन्होंने कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और लोगों को उकसाने के आरोप में यात्रा में शामिल कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। उधर असम प्रशासन ने राहुल गांधी को श्रीमंत शंकरदेव के मंदिर जाने से रोक दिया। गुवाहाटी शहर में भी यात्रा को प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई।

यह ठीक है कि कानून-व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है और अगर उसे लगता है कि किसी यात्रा या राजनीतिक गतिविधि से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता, सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता या फिर यात्रियों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है, तो वह उसे रोक सकती है। मगर सवाल यह भी है कि ऐसी यात्राओं के रास्ते अचानक तय नहीं होते, पहले ही प्रशासन से इसकी इजाजत ले ली जाती है, फिर असम सरकार को वहां यात्रा पहुंचने के बाद ऐसे खतरे क्यों समझ आए? इससे यही संदेश गया है कि असम सरकार को यह यात्रा राजनीतिक रूप से रास नहीं आ रही है।

राजनीतिक नफे-नुकसान का आकलन हर राजनीतिक दल करता है, इसमें कोई बुराई नहीं। मगर एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारों से प्रतिरोधी आवाजों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। जब एक बार न्याय यात्रा का रास्ता तय हो गया था, तो उसे चलने दिया जाता, तब शायद ऐसे विवाद की नौबत न आती। असम के मुख्यमंत्री ने यात्रा के मार्ग में अवरोध खड़े करने की कोशिश करके बेवजह अपने खिलाफ नाराजगी को न्योता दे दिया। हालांकि राहुल गांधी असम सरकार की अड़चनों का भरपूर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं, मगर उनसे भी लोकतांत्रिक मर्यादाएं समझने की अपेक्षा की जाती है। विपक्षी दल का नेता होने के नाते उन्हें सत्ता पक्ष की कमियां गिनाने का हक तो है, मगर सीमा में रहते हुए ही उन्हें बातें बोलनी चाहिए। जैसा कि हिमंत बिस्व सरमा का आरोप है, उनके बयानों से लोगों में उत्तेजना पैदा हो रही है, राहुल गांधी से भाषा और तथ्यों का ध्यान रखने की स्वाभाविक अपेक्षा की जाती है। छिपी बात नहीं है कि राहुल गांधी की यात्रा दलगत फायदे के लिए निकाली गई है। उसमें जहां भी कांग्रेस के अलावा दूसरे दलों की सरकार है, वे उस पर हमले करेंगे ही। मगर अभी तो यह यात्रा शुरू हुई है, इसे अन्य कई ऐसे राज्यों से होकर गुजरना है, जहां कांग्रेस की सरकार नहीं है। अगर उनका यही आक्रामक तेवर रहा, तो मुश्कलें और मिलेंगी।

# प्लास्टिक का होना कितना खतरनाक

जब कभी हम यात्रा कर रहे हों या ऐसी जगह हो, जहाँ साफ़ पानी न मिल पाए, वहां हमारी कोशिश रहती है कि बोलतबंद पानी मिल जाए. हम यह मानते हैं कि इस पानी में गंदगी नहीं होंगी. लेकिन इस पानी के अंदर माइक्रोप्लास्टिक यानी प्लास्टिक के असंख्य महीन कण हो सकते हैं. बीबीसी फ़्यूचर पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी और रटगर यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि बोतलबंद पानी में पहले के अनुमानों की तुलना में 100 गुना ज़्यादा माइक्रोप्लास्टिक हो सकते हैं. इन शोधकर्ताओं ने पानी के तीन ब्रैंड की बोतलों की पड़ताल की तो उन्हें एक लीटर में एक लाख दस हज़ार से चार लाख नैनोप्लास्टिक कण मिले.वैज्ञानिकों के मुताबिक़, पानी में ज़्यादातर प्लास्टिक कण उसी बोतल से घुले थे.अगर आप अपने आसपास नज़र दौड़ाएंगे तो आपको प्लास्टिक की कई सारी चीज़ें नज़र आएंगी. ऐसी ही चीज़ों के बारीक़ टुकड़े जब बहुत छोटे आकार में टूट जाते हैं तो उन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है. आमतौर पर पाँच मिलीमीटर से छोटे टुकड़े माइक्रो प्लास्टिक कहलाते हैं.

कुछ टुकड़े इससे भी छोटे होते हैं, जिन्हें नैनो स्केल में ही मापा जा सकता है. उन्हें नैनो प्लास्टिक कहा जाता है.ये दोनों ही तरह के आसानी से नज़र नहीं आते. मगर ये दुनिया के लगभग हर हिस्से में मौजूद हैं. फिर चाहे वह नदियों का पानी हो, समंदर की तलहटी हो, या फिर अंटार्कटिक में जमी बर्फ़.आईआईटी पटना के एक शोध में बारिश के पानी में भी माइक्रोप्लास्टिक कण मिले थे.इसी तरह एक अन्य शोध में पाया गया कि भारत में ताज़ा पानी की नदियों और झीलों तक में माइक्रोप्लास्टिक मिल रहा है. इनमें फ़ाइबर, छोटे टुकड़े और फ़ोम शामिल हैं. इस शोध के मुताबिक़, फ़ैक्ट्रियों से निकलने वाले गंदे पानी और शहरी इलाक़ों से निकलने वाले प्लास्टिक वेस्ट जैसे कई कारणों से ये हालात बने हैं. एक समस्या तो यह है कि पीने के पानी तक में माइक्रोप्लास्टिक हो सकते हैं. लेकिन दूसरी समस्या यह भी है कि अभी तक पक्के तौर पर नहीं मालूम कि इंसान के शरीर पर माइक्रोप्लास्टिक का क्या असर होता है.साल 2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक रिव्यू किया था और समझने की कोशिश की थी कि माइक्रोप्लास्टिक अगर इंसानों के शरीर के अंदर चले जाएं तो क्या ख़तरे हो सकते हैं.लेकिन सीमित शोधों के कारण डब्ल्यूएचओ किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सका. फिर भी उसने अपील की थी कि प्लास्टिक के प्रदूषण को कम किया जाना चाहिए.दिल्ली के पुष्पांजलि मेडिकल सेंटर के वरिष्ठ चिकित्सक मनीष सिंह ने बीबीसी सहयोगी आदर्श राठौर को बताया कि माइक्रोप्लास्टिक के ख़तरों को लेकर अभी ज़्यादा जानकारी नहीं है, इसलिए इस विषय पर और सावधान रहने की ज़रूरत है. उन्होंने कहा, माइक्रोप्लास्टिक के ख़तरों को लेकर अभी सीमित शोध सामने आए हैं. कुछ शोध ऐसे भी हैं कि ये हमारे एंडोक्राइन ग्रंथियों (हारमोन पैदा करने वाली ग्रंथियों) के काम में समस्या पैदा करती हैं. हो सकता है भविष्य में पता चले कि माइक्रोप्लास्टिक बहुत गंभीर नुक़सान कर सकते हैं, इसलिए अभी से सजग रहने की ज़रूरत है. माइक्रो प्लास्टिक पानी के अलावा यह उस ज़मीन में भी बहुतायत में पाए जाने लगे हैं, जहाँ खेती होती है. अमेरिका में साल 2022 में एक पड़ताल की गई थी. इसके मुताबिक़, सीवर की जिस गाद को वहां फसलों के लिए खाद के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, उसमें माइक्रोप्लास्टिक होने के कारण 80 हज़ार वर्ग किलोमीटर खेती योग्य ज़मीन दूषित हो गई थी.इस गाद में माइक्रोप्लास्टिक्स के अलावा, कुछ ऐसे केमिकल भी थे, जो कभी विघटित नहीं होते यानी उसी अवस्था में बने रहते हैं. वहीं, ब्रिटेन में कार्डिफ़ यूनिवर्सिटी ने पाया था कि यूरोप में हर साल खेती वाली ज़मीन में खरबों माइक्रोप्लास्टिक कण मिल रहे हैं जो हर निवाले के साथ लोगों के शरीर के अंदर पहुंच रहे हैं. बीबीसी फ़्यूचर के लिए इसाबेल गेरेटसेन लिखती हैं कि कुछ पौधे ऐसे हैं, जिनमें बाक़ियों की तुलना में माइक्रोप्लास्टिक ज्यादा होता है.दरअसल, कुछ शोध बताते हैं कि जड़ों वाली सब्ज़ियों में माइक्रोप्लास्टिक ज़्यादा पाए जाते हैं. यानी पत्ते वाली सब्जियों में कम माइक्रोप्लास्टिक होंगे, जबकि मूली और गाजर जैसी सब्ज़ियों में ज़्यादा.डॉक्टर मनीष सिंह बताते हैं कि समस्या यह भी है कि भारत में अधिकतर जगह कचरे के निपटान की सही व्यवस्था नहीं है. इसी कारण माइक्रोप्लास्टिक नदियों और खेती वाली ज़मीन तक पहुंच रहा है. उन्होंने कहा, खाने-पीने की असंख्य चीज़ें प्लास्टिक में पैक होती हैं. फिर समस्या ये है कि लोग घरों में प्लेट और चॉपिंग बोर्ड तक प्लास्टिक के इस्तेमाल करते हैं. इस सबसे बचना चाहिए. लेकिन सरकार को भी इस विषय पर ध्यान देना चाहिए. प्लास्टिक और संबंधित उत्पादों का इस्तेमाल कम करने के लिए भारत सरकार ने एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज़ यानी एक बार इस्तेमाल किए जा सकने वाले प्लास्टिक पर रोक लगा दी थी. सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उत्पादन, आयात, भंडारण और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था. दुनिया के कई देश पहले ही ऐसा क़दम उठा चुके थे. लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि बायोडीग्रेडेबल विकल्प को समस्या को और गंभीर कर रहे हैं. ब्रिटेन की प्लाइमाउथ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने पाया कि जिन बैगों में बायोडीग्रेडेबल लिखा होता है, उन्हें विघटित होने में भी कई साल लग सकते हैं. यही नहीं, वे भी छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट जाते हैं और प्रदूषण फैलाते हैं. माइक्रोप्लास्टिक खाने-पीने की चीज़ों में न मिले, इसके लिए शीशे की बोतलें इस्तेमाल करने की भी सलाह दी जाती है. लेकिन, बीबीसी फ़्यूचर के लिए इसाबेल गेरेटसेन लिखती हैं कि भले ही ग्लास की बोतलें कई बार रीसाइकल की जा सकती हों लेकन शीशा बनाने के लिए सिलिका (रेत) का इस्तेमाल होता है. ऐसे में इसकी प्रक्रिया में भी पर्यावरण को नुक़सान पहुंचता है.और फिर समस्या सिर्फ़ माइक्रोप्लास्टिक की ही नहीं, माइक्रोफ़ाइबर की भी है. पानी, समुद्री नमक और बीयर में भी माइक्रोफ़ाइबर पाए गए हैं और इनका बड़ा हिस्सा कपड़ों से आता है.



बीबीसी फ़्यूचर पर प्रकाशित लेख के अनुसार, माइक्रोप्लास्टिक के ख़तरों को कम करने की दिशा में एक उम्मीद जगी है.शोधकर्ताओं ने ऐसे फंगस (फफूंद) और बैक्टीरिया की पहचान की है, जो प्लास्टिक को विघटित करने में मदद करते हैं. इसी तरह, बीटल (गुबरैले) की एक क़िस्म का लारवा पॉलीस्टीरीन (एक तरह का प्लास्टिक) को विघटित कर सकता है. इसके अलावा, पानी को ख़ास तरह के फ़िल्टरों और केमिकल ट्रीटमेंट से भी शुद्ध किया जा सकता है. लेकिन डॉ. मनीष सिंह का कहना है कि इन उपायों से बेहतर है कि एक ओर तो सरकार प्लास्टिक का इस्तेमाल घटाने पर नीतियां बनाए और दूसरी ओर लोग भी अपने स्तर पर प्लास्टिक पर निर्भरता कम करें. वह कहते हैं, जैसे कि जूट या कपड़े के थैले इस्तेमाल करें. कपड़े खरीदते समय भी सिंथेटिक फ़ाइबर के कपड़ों के बजाय कॉटन के कपड़ों को तरजीह दें. प्लास्टिक के कचरे का सही से निपटारा करें. हमारी कोशिश होनी चाहिए कि प्लास्टिक से बनी चीज़ों का इस्तेमाल कम करें.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 59: हिमालय की ओर प्रस्थान को तत्पर गौतम ऋषि

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



भगवान श्री राम ने महर्षि विश्वामित्र से कहा, ''अहल्या का प्रश्न उचित है गुरुदेव! बड़ा अपराध करके भी इंद्र को केवल इसलिए राहत देना ठीक नहीं था कि वे देवराज हैं।''

''तुमने ठीक कहा राम! यह दंड महर्षि गौतम का इंद्र के स्वेच्छाचार के ऊपर कठोर नियंत्रण था। उन्होंने इसके लिए अहल्या को आश्वस्त भी किया।'अहल्या के प्रश्न पर महर्षि गौतम ने कहा, ''देवराज इंद्र को मेरे द्वारा दिया गया शाप कभी वरदान में नहीं बदलेगा। मुझे विश्वास है कि अब वह किसी से अमर्यादित आचरण का दुःसाहस नहीं करेगा। तुम निश्चिंत रहो देवी। वहीं मेरी तपश्चर्या की निरंतरता के लिए जितना मेरे लिए यह स्थान छोड़ने आवश्यक है। उतना ही तुमसे हुए दोष के परिहार के लिए तुम्हारा यहां एकाकी रहना भी अनिवार्य है। इस बात को तुम समझो।'' महर्षि गौतम ने कहा।

''आपका यह शाप मेरे लिए दंड के रूप में है और मुझे स्पष्ट रुप से अस्वीकार्य है, तथापि मैं आपकी अर्धांगिनी हूं और आपकी इच्छा, आपके हर निर्णय का सम्मान करती हूं। मैं आत्म शुद्धि के लिए इस शिला में निवास करूंगी और दिन-रात तपस्या करके एकाग्रचित होकर मेरे हृदय में विराजमान परमात्मा का ध्यान करूंगी। बस मुझे आपसे एक और जानकारी चाहिए।'' अहल्या ने दृढ़ता के साथ कहा।

इस विडंबनापूर्ण स्थिति से गौतम ऋषि भी मन ही मन दुखी हैं। उन्होंने कहा, ''कहो अहल्या!''

अहल्या ने पूछा, ''कहते हैं कि जन्म लेने वाले की मृत्यु निश्चित है तो क्या मेरा कभी उद्धार होगा या नहीं, या आपके कथन के अनुसार हजारों वर्षों तक मुझे इस पाषाण में ही निवास करना होगा। क्या इसके बाद भी मैं इसी स्थिति में रहूंगी? मेरा उद्धार कब होगा?''

''उद्धार अवश्य होगा देवी! हजारों वर्षों के बाद इस आश्रम में दशरथ नंदन राम आएंगे और तुम इस शापित जीवन से मुक्त हो जाओगी।'' महर्षि गौतम ने कहा।

''मैं तो इस शिला में हजारों वर्षों की कठोर तपश्चर्या पूर्ण कर लूंगी देव! लेकिन आप इस स्थान से विरत होकर भली भांति अपना ध्यान किस प्रकार रख सकेंगे?'' अहल्या ने गौतम ऋषि को लेकर अपनी चिंता प्रकट की।

''मेरे शिष्य साथ में रहेंगे अहल्या! थोड़ी ही देर में सुबह हो जाएगी और मुझे इन शिष्यों को साथ लेकर हिमालय की ओर शीघ्र प्रस्थान भी करना होगा।''

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है,लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## कविता

### रितुराज बसंत

बसंत ह रितुवा के राजा आय
शीत - गरम के बीच हमाय ।
वातावरण ल गजब महकाय,
सबके मन ला अब्बड़ सुहाय।।
बसंत ह रितुवा,,,,,
पतझड़ ला के बनाय उजडिया, नवा जीवन के नवा नजरिया,
सरसों के फूल के ओढे चुनरी, धरती ह बनथे नवा बहुरिया।
बसंत के मस्ती में प्रकृति महमहाय।।
बसंत ह रितुवा..,,,
माघ महिना के अंजोरी पाख, पंचमी तिथी में आगत हे खास।
माघ व चैत के बीच मंझोत
धरती ह सजथे सोला सिंगार,
हिंदुवा के आखरी अउ पहिली मास
फगुनाहटके रंग मे, सब रंग जाय।।
बसंत ह रितुवा...,,,,,
आमा के मउर ह गजब मौराय,
भंवरा होके मगन गीत गाय।
कोयली के कुहकी ह मारे ताना,
बिरहा के अंतस घलो उफनाय।
परसा के लाल फूल ह अंगरा बगराय।।
बसंत ऋतुवा के राजा आय।।



कोमल सिंह ''गुरू''
नगर पंचायत, छुरिया

## कविता

### ।। नेरवा गड़े घर पागे ।।

चारों मुड़ा सोर उड़त हे, राम अपन घर आगे।
जन मन के आस पुरागे, आनन्द मंगल छागे।।
जग न्यारा जे जग पसारा, घट घट हावे समाये।
हेरिक हेरा सबो हरागे पांचों तत् जेमा समागे।।
पबरित पावन अवधपुरी, लागे इंद्रपुरी लजागे।
जग लागे अइसे जइसे, सउहंत त्रेताजुग आगे।।
घरो घर फहराए पताका, ऊंच अगास हरसाये।
बनवासी मनवासी बिचित्तर, सबके साध पुरागे।।
जेखर नाम भव तारे सगरो, नेरवा गड़े घर पागे।
ग्यान भगति बैराग लागे, पावन भारत सकलागे।।
शून्य गगन होके मगन झर झर फुलवा बरसाये।
मनमोहनी बाल रूप मूरतिया नैनन आस पुरागे।।




रोशन साहू ( मोखला )
7999840942

## शब्द सामर्थ्य -325

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 324 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | ध्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू- दोकू क्र.325

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |


**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.324 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |




## राशिफल




**मेष**
आज का दिन आपके लिये अच्छा रहेगा। आज आपका अधिकतर समय बच्चों के साथ बितेगा। बच्चों के साथ मॉल में शॉपिंग करने भी जा सकते हैं। आज अचानक आपके करीबी रिश्तेदार घर पर आएंगे। जिसके कारण घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में दोस्तों से बातचीत हो सकती है।




**वृषभ**
आज का दिन खुशनुमा रहेगा। बाहर का मौसम आपकी सेहत के लिए अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ बाहर घूमने जा सकते है। आज आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आपके बच्चें आपको गौरान्वित करेंगे। जिससे आपके पड़ोसियों के बीच आपका मान- सम्मान बढ़ेगा।



**मिथुन**
आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। आज आप नए बिजनेस की शुरुआत कर सकते हो। दुकानदारों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होने के योग बन रहे हैं। संगीत में रुझान को आज किसी फिल्म इंडस्ट्री से गाने का ऑफ़र मिल सकता है।



**कर्क**
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। जीवनसाथी को कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। आप आज जितना हो सकें दूसरों की राय लेकर ही किसी काम की शुरूआत करें सफलता मिलनी तय है। ऑफिस में आज आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपका एक गलत कदम आपको परेशानी में डाल सकता है।




**सिंह**
आज आपका दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको कई बड़े फायदे होंगे। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन शुभ है। गणेश जी की प्रतिमा को ऑफिस में रखने से किसी बड़ी डील का अवसर प्राप्त होगा, साथ ही आप जो भी चाहते है वो काम भी पूरें हो जायेंगे। छात्रो को आज थोड़ा सावधानी बरतनी होगी।




**कन्या**
आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आज आप कोई नया कार्य करने की सोचेंगे, उसमें आपको सफलता भी मिलेगी। अपनी ईमानदारी के कारण आपको जीवनसाथी और परिवारजनों का स्नेह प्राप्त होगा। आज आप अपनो को खुश करने के लिए उन्हें कुछ उपहार दे सकते हैं। आज आप जो भी फैसला करेंगे।




**तुला**
आज का दिन खुशियों भरा रहने वाला है। आज आपको कई तरह की जिम्मेदारियां निभानी पड़ेगी। अपनी व्यावहारिकता से आपको सफलता मिलने के योग हैं। आज आपके मन में किसी तरह की उत्सुकता हो सकती है। आपका रवैया दूसरों के लिए उदारता भरा हो सकता है।



**वृश्चिक**
आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपके रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। आज सरकारी ऑफिस में काम करने का प्रमोशन हो सकता है। आज बिजनेस के सिलसिले में आपकी विदेश यात्रा हो सकती है। आज दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी में जायेंगे। जहां आपकी मुलाकात पुराने दोस्तों से होगी।




**धनु**
आज आपका मन आज अध्यात्म की तरफ रहेगा। आज आप घर पर कोई धार्मिक आयोजन का अनुष्ठान करायेंगे। महिलायें आज मंदिर जाने की प्लांनिग बन सकती है। कई दिनों से रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम को घर पर स्वादिष्ट भोजन का आन्नद उठायेंगे।



**मकर**
आज आपका दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज आप जिस काम को करें उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। आज आपसे कई लोग मदद भी ले सकते हैं। आज आप लोगों को जरूरत के अनुसार ही सलाह दें। कई तरह की उलझनों और कामकाज में आप फंस सकते हैं।



**कुंभ**
आज के दिन आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज बिजनेस में तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। आज वाहन सावधानीपूर्वक चलाये। आज आपके जीवनसाथी के ननिहाल से कोई बड़ी खुशखबरी आ सकती है। आज आपके रूके हुए काम पूरे होने के आसार नजर आ रहे है। अपने दोस्तों से मिलने उनके घर जा सकते हैं।



**मीन**
आज के दिन आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आज आपको कोर्ट- कचहरी के मामलों से राहत मिलेगी। इस राशि के लोगों को आज संतान पक्ष से सफलता का समाचार मिलेगा। आज आपके विरोधी आपके कामों में अड़चन डाल सकते हैं, इसलिए आज आपको सावधान रहने की जरुरत है।

# लोकसभा चुनाव जीतने कांग्रेसी पूरे जोश में-भागवत साहू



डोंगरगाँव (दावा)। छ.ग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त निर्देशानुसार व विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्त्वाधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कांग्रेस कार्यालय डोंगरगाँव में आयोजित की गई। उक्त बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने विशेष रूप से जिला अध्यक्ष भागवत साहू सहित गुलाब वर्मा, देशराज जैन सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री साहू ने नयी पुरानी अच्छी बुरी सभी बातों को भूलकर लोकसभा चुनाव के लिए अपने बूथ को मजबूत करने का आग्रह किया। वहीं कांग्रेसियों के सकारात्मक आश्वाशन पाकर उनके द्वारा कार्यकर्ताओं के जोश व ऊर्जा की सराहना की।

बैठक में अन्य वक्ताओं ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पक्ष में मिल रहे समर्थन, केंद्र के मोदी सरकार और राज्य की भाजपा सरकार के वादाखिलाफी पर रोष व्यक्त किया। ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में गणेश राम साह, संध्या साहू, शुक्ला, संतोष ठाकुर,संपत शर्मा, महेंद्र वैष्णव, विष्णु सोनी, कमल वैष्णव, नियाजुद्दीन सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला ने दी।

# महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पंचायत में भारी भीड़



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली में महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पंचायत में महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु पूरे प्रदेश में 8 मार्च से महतारी वंदन योजना के तहत 1000 प्रति माह महिलाओं के खाते में डालने की घोषणा की गई है। 12 माह में 12000 रूपए महिलाओं के खाते में डाले जाएंगे, जिसके तहत 5 फरवरी से समस्त पंचायत के माध्यम से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन शुरू हो गया है इस पर पंजीयन की अंतिम तारीख 20 फरवरी तक निर्धारित किया गया है। अछोली पंचायत में पंजीयन हेतु सरपंच सचिव पंच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पटवारी की ड्यूटी लगाई गई है, ग्राम पंचायत अछोली में महतारी वंदन योजना के फार्म के संग्रह हेतु ग्राम सरपंच मनीषा नेताम, सचिव राजू वर्मा, पूर्णिमा मांडवी, पटवारी, भीष्म ठाकुर, रोजगार सहायक पूनम पुर्राम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता बंसोड़, रीता भादुड़ी, पंच योगेश्वरी साहू, शक्ति बघेल, के द्वारा ग्राहियों को फार्म जमा करने से संबंधित सभी प्रकार की गाइडलाइन प्रदान की जा रही है वही फॉर्म पूर्ण होने पर सूची तैयार कर तत्काल ऑनलाइन पंजीयन भी किया जा रहा है, वही 21 फरवरी को अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा जिसमें 21 से 25 फरवरी के बीच दवा आपत्ति का निराकरण किया जावेगा तथा 1 मार्च को अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा अंतिम सूची के आधार पर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन प्रदेश सरकार द्वारा पहली किस्त हितग्राहियों के खाते में डाली जाएगी। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों में पंजीयन को लेकर भारी होड़ मची हुई है। जिसमें पंचायत प्रतिनिधि एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हितग्राहियों को पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# श्रीराम के तप को जपने वाला मनुष्य दिव्यता प्राप्त होती है - अरुण यादव



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम बांधाबाजार में दो दिवसीय बालाजी मानस महोत्सव मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। समापन समारोह में जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने यहां रामकथा के रस का आनंद लेने के बाद कहा कि, श्रीराम के तप को जपने वाला मनुष्य दिव्यता प्राप्त करता है। मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन और महाकाव्य से प्रेरणा लेकर एक सफल जीवन जिया जा सकता है। मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन श्रीराम जानकी मानस गायन परिवार व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वधान में संपन्न हुआ। दूर-दराज की मंडलियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर श्रेष्ठ प्रस्तुतियां दी। दो दिनों तक श्रीराम कथा के सुमधुर गायन से लोग लाभांवित होते रहे। समापन समारोह में मुख्यअतिथि जि.प.स अरुण यादव ने मंडलियों को पुरुस्कारों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मानस गायन, रामायण सम्मलेन प्रतियोगिता की बड़ी महत्वता है। धार्मिक आयोजन के सहारे हम समाज में सकारात्मक विचारों के प्रसार पर जोर देते हैं। कलाकारों की मेहनत ऐसे आयोजनों को और भी विशेष बना देती है। आयोजकों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए ताकि ऐसे कार्यक्रम होते रहे और धर्म की ज्योत की कीर्ति फैलती रहे। इस कार्यक्रम में श्रीमति योगमाया साहू, जनपत सदस्य, उमाकान बाजपाई, मुरारी खंडेवाल, बीडी मनिकपुरी, आरके दुबे, डीके राम, जीपी देशमुख, देवकिशन गुप्ता, रंजन साहू, आरके यादव, रामसिंग मंडावी, ज्ञानचंद कवर, किशोर मेश्राम, महेश खंडेलवाल, प्रवीण खंडेलवाल, ईश्वर कुंजाम, उपेंद्र देवांगन, सोमनाथ साहू, अवधेश शुक्ला, संदीप मेश्राम, ललित यादव ग्राम पटेल रामाधार हिरवानी जनपद सदस्य, विलम यादव, कुशलराम पन्नू कौशिक, पीलासिंग यादव, पुरुषोत्तम भैषवारे, जीवन भूआर्य, देवाराम साहू, सतीश मंडावी, बहादुर साहू, सहित आयोजन समिति व ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### राजीव युवा मितान क्लब को बंद करना राज्यहित निर्णय -रामकुमार गुप्ता



डोंगरगांव (दावा)। राज्य सरकार के द्वारा राजीव यूवा मितान क्लब योजना को बंद करने का निर्णय को मण्डल भाजपा के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने राज्य हित में बताते हुए निर्णय का स्वागत किया है।

मण्डल अध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस के पूर्ववर्ती भ्रष्ट शासनकाल में अपने कार्यकर्ताओं को उपकृत करने तथा कार्यकर्ताओं के नाम पर नेताओं द्वारा राज्य शासन से आर्थिक लाभ लेने का गोरक धंधा चलाने की योजना थी।

श्री गुप्ता ने बताया कि राजीव युवा मितन क्लब के बहाने ग्राम पंचायतों में समानांतर कार्य एजेंसी खड़ी कर दी गई थी जिसके माध्यम से अनाप सनाप कार्य एवं वस्तु की खरीदी करके शासन के पैसे पर डाका डाला गया था वही ज़्यादा तर ग्राम पंचायतों में ग्रामवासियों तथा मितान क्लब के मध्य टकराव की स्थिति थी एवं क्लब के सदस्य पंचायतों तथा ग्रामों के सार्वजनिक कार्यों में दखल देकर त्रीस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को चौपट करने में लगे थे वही राज्य शासन द्वारा क्लब को बंद किए जाने का निर्णय स्वागत योग्य एवं जनहित में लिया गया निर्णय है। मण्डल अध्यक्ष श्री गुप्ता ने शासन से बीते कार्यकाल में राजीव युवा मितान क्लब को दिये गये राशि तथा किए गए कार्यों एवं ख़रीदी गई सामग्रियों के भौतिक सत्यापन कर दोषियों पर कार्यवाही करने की माँग की।

### नवीन तहसील एलबी नगर साहू समाज के प्रथम अध्यक्ष बने लक्ष्मण साहू



डोंगरगढ़ (दावा)। नवनिर्मित तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर के प्रथम तहसील अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मण साहू का चयन किया गया। तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों का सर्व सहमति से मनोनयन हेतु जिला साहू के अध्यक्ष भगवत साहू के द्वारा अधिकृत पर्यवेक्षक कोषाध्यक्ष नोबल साहू एवं तहसील अध्यक्ष हंसराज साहू डोंगरगढ़ के मार्ग दर्शन में अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों का मनोनयन सर्व सहमति से किया गया।

संरक्षक कोमल साहू, नोबल साहू, हनुमान दास साहू, देवेन्द्र साहू, अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष कमलेश साहू,खिलेश्वर साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती आरती साहू, सचिव रामाधीन साहू, कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, अंकेक्षक गणेश साहू, सहसचिव तिलोचन साहू, महिला सहसचिव श्रीमती हेमलता साहू, उपकोषाध्यक्ष गुहाराम साहू, संगठन सचिव श्याम दास साहू, मीडिया प्रभारी अश्वनी साहू को मनोनीत किया गया।

### वनवासी विकास समिति द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित



डोंगरगांव (दावा)। दिनांक 03 फरवरी दिन शनिवार डोंगरगांव विकासखण्ड के ग्राम गिरगांव में वनवासी विकास समिति राजनांदगांव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर परीक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय के 68 बच्चों का रक्त ग्रुप की जांच की गई एवं ग्राम के लगभग 200 लोगों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मुख्य रूप से रक्त ग्रुप जांच बीपी, शुगर एवं सिकलसेल का परीक्षण किया गया।

उक्त स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के बच्चों को पानी बॉटल का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं की सहभागिता ज्यादा रही। इस स्वास्थ्य शिविर को सफल कराने मुख्य रूप से समिति के सदस्य संदीप जैन एवं गणेश कुमार नेताम के साथ ही स्कूल के शिक्षक शशांक साहू एवं सरपंच श्री नेताम का विशेष योगदान रहा।

इस स्वास्थ्य शिविर में छत्तीसगढ़ प्रांत वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप जिला समिति के अध्यक्ष बसंत पटेल सचिव राजेश खांडेकर, सुरेश नायर, राजेश बिसने आदि उपस्थित थे।

# मानस मंडलियों का यूट्यूब पर न्यूयॉर्क, नेपाल, क़तर में भी रामकथा रसिकों ने इसका लाभ उठाया



डोंगरगाँव (दावा)। संस्कारनगरी डोंगरगांव में साकेत धाम परिषद के द्वारा मानस महोत्सव का रजत जयंती आयोजन 4 फरवरी को पूर्ण गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस बार महोत्सव में 3 स्थानीय महिला मानस मंडलियों सहित छत्तीसगढ़ की 20 ख्यातिलब्ध मानस मंडलियों के द्वारा श्रीतुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सचिव गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप' के कुशल संचालन में संगीतमय मानसगान की प्रस्तुति के साथ साथ स्कूली बच्चों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई।

उल्लेखनीय बात यह रही कि इस महोत्सव को यू ट्यूब पर भी लाइव किया गया जिसके कारण मॉरीशस, न्यूयॉर्क, नेपाल, क़तर में भी रामकथा रसिकों ने इसका लाभ उठाया। मानस गान प्रतियोगिता में महिला वर्ग से श्रद्धा महिला मानस मंडली चिरपोटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुनीर महिला मानस मंडली नहर खपरी, अंबे महिला मानस मंडली मोंगरा, प्रज्ञा महिला मानस मंडली मोहला तथा गायत्री महिला मानस मंडली धनोरा ने क्रमशः द्वितीय से पंचम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में बाल रामायण मंडली चरौदा बस्ती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राम रूचि मानस परिवार डोटोपार, समर्पण ज्ञान गंगा मानस परिवार रिसामा, विनायक मानस परिवार खिसोरा धमतरी, ? आदित्य मानस परिवार रिसाली सेक्टर भिलाई, सीताराम मानस परिवार मुसराकला, श्रीकृष्ण मानस मंडली बावनलाख बेमेतरा, शाश्वत मानब परिवार भटगांव धमतरी, गंगा सागर मानस मंडली कोरगांव केशकाल, नव दुर्गा रामायण मंडली आमगांव, ज्ञान गंगा मानस मंडली गनियारी दुर्ग, जय गजानन मानस मंडली आरी कोनारी, हरि ? मानस मंडली जारवाही, श्रीराम गंगा मानस मंडली चांदो तथा शिव भोला मानस मंडली पलांदुर मोहला ने क्रमशः द्वितीय से पंद्रहवें स्थान को प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक गुमान सिंह साहू, मानिक लाल देवांगन और नरेन्द्र कुमार देवांगन रहे। मानस मंडली में आए लोक कलाकारों व लोक गायक-गायिकाओं की प्रस्तुति ने डोंगरगांववासियों का मन मोह लिया। महोत्सव का शुभारंभ श्रीराम जी की शोभायात्रा के साथ हुआ। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष दीना पटेल, उपाध्यक्ष यशवंत साहू, पंचराम चन्दन मलागर, सचिन अग्रवाल कोषाध्यक्ष, रमाकांत गुप्ता, सचिव हेमंत यदु सहित संरक्षक लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डॉ. एन.के. लहरे, आर.डी. मानिकपुरी, कृष्ण कुमार शर्मा, गजानंद सोनी, शेष नारायण शांडिल्य, कैलाश पटेल, श्याम सुंदर पटेल मीडिया प्रभारी घनश्याम साव सहित पार्वती गुप्ता, सरिता ढीमर, मनीष गुप्ता आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा। अध्यक्ष दीना पटेल ने महोत्सव को सफल बनाने हेतु नगर वासियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया।

# हरदी में 36 हितग्राहियों को उज्जवला गैस चूल्हा वितरण किया गया



हरदी (दावा)। शिवनाथ वार्ड 51 हरदी के 36 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला का गैस चूल्हा वितरण पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के द्वारा वितरण किया गया। मण्डल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, महामंत्री हकीम खान, पार्षद विजय राय, वार्ड के चन्द्रकृत साहू, डिम्पल श्रीवास, सुनील साहू, सतानंद साहू, राजू निषाद और वार्ड के गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में किया गया। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से कलाकार नीरज उके इंदौर में सम्मानित



खुज्जी (दावा)। सूत्रधार संस्था इंदौर द्वारा आयोजित दो दिवसीय एकल व एकांकी नाट्य स्पर्धा का समापन 4 फरवरी को इंदौर में हुआ, जिसमें दिल्ली, देहरादून, इंदौर समेत अन्य जगहों से नाट्य स्पर्धा में कलाकारों ने नाटक किए। राजनांदगांव की नाट्य संस्था 'राजनांदगांव थिएटर ग्रुप' द्वारा भी वहां मौजूद होकर अपने नाटक 'जब मैं सिर्फ़ एक औरत होती हूं' का मंचन किया गया। कुल 17 नाटक किए गए जिसमें राजनांदगांव थिएटर ग्रुप के कलाकार नीरज उके को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया ... सूत्रधार संस्था जो की इंदौर की जानी मानी संस्था है, पिछले 17 वर्षो से लगातार इस तरह नाट्य स्पर्धा आयोजित करते आ रही है।

11 लोगों का दल राजनांदगांव से इंदौर गया, नाटक का निर्देशन राजनांदगांव के रितेश सिंघाड़े ने किया था। आपको बता दे नीरज उके डोंगरगांव के रहने वाले हैं, इस तरह पहले भी अलग-अलग राज्यों में वो अन्य नाटकों में बहुत बार सम्मानित हो चुके हैं। हाल ही में उनकी छत्तीसगढ़ी फिल्म गुईयां आई थी, जिसमें उन्होंने मुख्य विलन की भूमिका निभाई थी, आने वाले समय में वो बॉलीवुड की वेब सीरीज में भी नज़र आएंगे।

# महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं, भाजपा सरकार की 'मोदी की गारंटी' खोखला दावा साबित हो रहा - महेंद्र यादव



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री महेंद्र यादव ने भाजपा सरकार की 'मोदी की गारंटी' को खोखला दावा बताया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में एक बार फिर जुमलेबाजी कर छत्तीसगढ़िया जनता को ठगा गया है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना, किसानों को 3100 रुपए धान का मूल्य अब तक नहीं मिल सका है। यही नहीं महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए देने के दावों से मुकरने सरकार तरह तरह की जुगत लगा रही है जो कि सरासर वायदा खिलाफी है।

जिपं सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि चुनाव में प्रचार के दौरान भाजपा ने छत्तीसगढ़ की प्रत्येक महिला को प्रतिमाह एक हजार रुपए देने का दावा किया था। केंद्रीय मंत्रियों ने सभाओं में इस वायदे को बार-बार दोहराया था। सरकार बनने के दो महिने बाद तक इस योजना का कोई लाभ भाजपा हितग्राहियों को नहीं दे सकी है। यही नहीं अब महतारी वंदन योजना को लागू किए जाने पर इसमें हितग्राहियों के लिए मानदंड निर्धारित कर दिए गए हैं जिससे प्रदेश की लाखों महिलाएं इससे वंचित हो जाएंगी और तो और इस योजना से जुड़ने के लिए दस्तावेजी प्रक्रिया को जटिल बनाकर महिलाओं को इस योजना से दूर किए जाने और उन्हें परेशान किए जाने का षड़यंत्र किया जा रहा है।

'मोदी की गारंटी' को लेकर महेंद्र यादव कहा कि प्रदेश के किसान भी अब तक 3100 रुपए के मान से प्रति क्विंटल धान के भुगतान की राह ताक रहे हैं। भाजपा ने भरोसा दिलाया था कि उनकी सरकार बनते ही किसानों को एकमुश्त राशि का भुगतान किया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यही नहीं पूर्ववर्ती सरकार की धान की राशि की चौथी किस्त भी भाजपा ने रोक दी है जिससे किसान दुःखी हैं और इससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली से रिमोट से ऑपरेट हो रही प्रदेश की भाजपा सरकार अपने शुरुआती कार्यकाल में ही लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाई है। योजनाओं का बंटाधार किए जाने से भी उनके मंसूबे साफ हो चुके हैं। सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री साबित हो रहे हैं जो खुद कोई निर्णय नहीं ले रहे हैं। ये बेहद दुखद है कि छत्तीसगढ़ को ऐसा नेतृत्व मिला है जो कि कठपुतली की तरह है। इससे प्रदेश के हितों से समझौता होने की आशंका को बल मिला है।

# सुग्घर जन सुरक्षित मोहला अभियान के तहत मोहला पुलिस की अवैध शराब कोचिया पर बड़ी कार्यवाही




**0 खेत लारी में अवैध रूप से हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब रखकर करता था बिक्री**

**0 आरोपी के कब्जे से 15 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब जप्त**

मोहला (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहला मानपुर अं.चौकी श्रीमती रत्ना सिंह (भा.पु.से) के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अर्जुन कुर्रे के मार्गदर्शन में निरीक्षक कपिल देव चंद्रा के कुशल नेतृत्व में लगातार थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 04 फरवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम हर्रोटोला में एक व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब अपने खेत लारी में रखकर बिक्री कर रहा है, की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों को साथ में लेकर घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी टीकम नेताम पिता स्व. प्यारेलाल नेताम उम्र 23 साल निवासी हर्रोटोला थाना मोहला जिला मोहला मानपुर अं0 चौकी के कब्जे से एक हरे रंग के 20 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में करीबन 15 लीटर हाथ भटठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब किमत 2700 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 210 रूपये कुल जुमला रकम 2910 रूपये को गवाहों के समक्ष विधिवत जप्तकर पुलिस कब्जा में लिया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर विवचेना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक सत्यपाल बारसागढ़े, आरक्षक राकेश कुंजाम का विशेष योगदान रहा।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना छुरिया प्रांगण में कबड्डी खेल का किया गया आयोजन



**थाना क्षेत्र के कुल 7 टीमों ने खेल में लिया भाग**

छुरिया (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में आई.टी.बी.पी. 38वीं वाहिनी छुरिया के सेनानी सिद्धार्थ कुमार, द्वितीय कमान अशोक कुमार, उपसेनानी ज्ञानचंद की उपस्थिति में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिव चन्द्रा के नेतृत्व में आज दिनांक 5 फरवरी को थाना छुरिया प्रांगण में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् डे/नाइट कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम हालेकोसा, बखरूटोला, कोलिहापुरी, महाराजपुर एवं पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास छुरिया के कुल 07 टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक जोश के साथ खेल में हिस्सा लिया। जिसमें ग्राम बखरूटोला एवं महाराजपुर के मध्य फायनल मैच खेला गया। फायनल में महाराजपुर की टीम ने जीत हासिल की। सेनानी के द्वारा विजेता टीम महाराजपुर को 2500 रूपये एवं उपविजेता बखरूटोला की टीम को 1500 रूपये का नगद पुरस्कार, तृतीय पुरस्कार 500 रुपए व ट्रॉफी वितरण किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की हिदायत देकर भविष्य में अच्छा खेल खेलने हेतु शुभकामना देकर खेल का समापन किया गया। खेल को सुचारू रूप से चलाने में थाना छुरिया स्टॉफ एवं आईटीबीपी स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# पहला कॉलम...

## भारत विरोधी बयान के बाद संसद में मुइज्जू की निकली हेकड़ी!

एएनआई, माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारतीयों सैनिकों की वतन वापसी की घोषणा कर दी है। उन्होंने मालदीव की संसद में दिए अपने पहले भाषण इस बात का एलान किया। हालांकि, राष्ट्रपति के संबोधन का विपक्षी दलों ने बायकॉट किया। उनके संबोधन के दौरान सिर्फ 24 सांसद ही मौजूद रहे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सांसदों द्वारा राष्ट्रपति के संबोधन के बहिष्कार का एलान किया गया। इन सांसदों की अध्यक्षता सांसद मोहम्मद असलम ने की। बताया जा रहा है कि सांसदों ने राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इससे पहले मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट किया था। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला ने मालदीव संसद के उद्घाटन में शिरकत की। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने देश की मौजूदा आर्थिक और वित्तीय स्थिति को देखते हुए वरिष्ठ राजनीतिक पदों पर अधिक लोगों को नियुक्त नहीं करने का फैसला किया है।

## शेयर बाजार : रुपया में 4 पैसे की गिरावट

मुंबई। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.02 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू बाजारों से सकारात्मक संकेत और विदेशी कोषों के प्रवाह ने भारतीय मुद्रा को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि निवेशक इस सप्ताहांत में घोषित होने वाले भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति निर्णय पर भी नजर रखेंगे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.03 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 83.04 प्रति डॉलर पर फिसल गया। इसके बाद मामूली बढ़त के साथ 83.02 प्रति डॉलर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.98 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.89 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.62 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

## सोना चांदी के भाव गिरे

नई दिल्ली। इस सप्ताह के पहले दिन सोने चांदी के वायदा भाव में सुस्ती देखी जा रही है। आज दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 62,450 रुपये और चांदी के 70,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने–चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। लेकिन बाद में इनकी कीमतों में गिरावट देखी जाने लगी सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 69 रुपये की गिरावट के साथ 62,493 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 119 रुपये की गिरावट के साथ 62,443 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 62,493 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 62,400 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल दिसंबर महीने में सोने के वायदा भाव ने 64,063 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज सुस्ती के साथ हुई।

## ठगी मामले में धोनी के मैनेजर ने दर्ज कराई एफआईआर

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी के मैनेजर स्वामीनाथन शंकर ने लाखों की धोखाधड़ी के मामले में बेंगलुरु के एक पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया है. केस दर्ज कराने के लिए आरोप लगाया गया कि उनके दोस्त को एक शख्स ने मंदिर में एफआईआर दर्शन के नाम पर ठग लिया. इतना ही नहीं, बल्कि ठगने वाले व्यक्ति ने खुद को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का पर्सनल असिस्टेंट भी बताया. %इंडियन एक्सप्रेस% की खबर के मुताबिक, धोनी के मैनेजर स्वामीनाथन शंकर ने अपनी शिकायत में बताया कि ठग करने वालों ने उनके दोस्त के साथ करीब 6.3 लाख रूपये की धोखाधड़ी की है. उन्होंने स्नढ्ढक्र में बताया कि एक अंजान शख्स का उनके पास 26 अक्टूबर को फोन आया. फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का पर्सनल असिस्टेंट बताया और कहा कि उनके साथ एक जज का बेटा है, जिसका नाम संदीप है, वो दोनों धोनी से मिलना चाहते हैं।

## श्रीलंका ने भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। श्रीलंका ने 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया श्रीलंकाई नेवी ने 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। भारतीय मछुआरों के पास से श्रीलंकाई नेवी ने दो ट्रॉलर्स भी जब्त किए हैं। श्रीलंका का आरोप है कि भारतीय मछुआरे उनकी जलसीमा में आकर मछलियां पकड़ रहे थे। भारतीय मछुआरों को हिरासत में लेने के बाद कांकेसंथुराई हार्बर ले जाया गया, जहां से उन्हें माइलादी फिशरीज इंस्पेक्टर को आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि 3 फरवरी 2024 की रात को श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ा। आरोप है कि वे श्रीलंका की उत्तरीय जलसीमा में मछलियां पकड़ रहे थे।

# भारत ने इंग्लैंड को 106 रनों से दी करारी शिकस्त




### बुमराह और जायसवाल बने हीरो

नई दिल्ली। भारत ने विशाखापटनम में खेले गए दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 106 रनों से हरा दिया. इस जीत के साथ भारत ने सीरीज़ में 1-1 से बराबरी कर ली. भारत को मुकाबले जिताने में जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और रविचंद्रन अश्विन ने अहम योगदान दिया. जायसवाल ने पहली पारी में 209 रन बनाए. जबकि, बुमराह ने मैच में कुल 9 विकेट लिए. वहीं मुकाबला चौथे ही दिन खत्म हो गया. मुकाबले में 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड 292 रनों पर ही सिमट गई.

इस दौरान टीम के लिए जैक क्रॉली ने सबसे बड़ी 73 रनों की पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का शामिल रहा. इसके अलावा कोई भी इंग्लिश बैटर बड़ी पारी नहीं खेल सका, जिसके चलते उन्हें मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी. भारत ने मुकाबले में टॉस जीत जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया और पहली पारी में 396 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए इस दौरान यशस्वी जायसवाल ने सबसे बड़ी 209 रनों की पारी खेली, जिसमें 19 चौके और 7 छक्के शामिल रहे. हालांकि इसके अलावा कोई भी भारतीय बैटर बड़ी पार नहीं खेल सका. फिर पहली पारी में बैटिंग के लिए उतरी इंग्लैंड 253 रनों पर ही समिट गई. इसके बाद इंडिया ने दूसरी पारी में 255 रन बोर्ड पर लगाकर इंग्लिश टीम को 399 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे वो हासिल नहीं कर सके. लक्ष्य का पीछा करते हुए कमज़ोर रही इंग्लैंड 399 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम काफी कमज़ोर दिखी. हालांकि टीम को शुरुआत अच्छी मिली. बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी की.

इसके बाद जैक क्रॉली और रेहान अहमद ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 45 रन जोड़े. लक्ष्य का पीछा कर रही इंग्लैंड ने 21.5 ओवर में 95 रनों पर 2 विकेट गंवा दिए थे. टीम को पहला झटका बेन डकेट के रूप में लगा, जिन्होंने 6 चौकों की मदद से 28 रन बनाए. इसके अलावा दूसरा झटका रेहान अहमद के रूप में लगा, जिन्होंने 5 चौके लगाकर 23 रन बनाए. इसके बाद जैक क्रॉली ने ओली पोप के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी की, जो 29वें ओवर में पोप के विकेट से खत्म हुई.

पहले मैच में 196 रनों की पारी खेलने वाले ओली पोप 5 चौकों की मदद से सिर्फ 23 रन बना सके. इसके बाद इंग्लिश टीम ने चौथा विकेट जो रूट के रूप में खोया. रूट ने 10 गेंदों में 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 16 रन बनाए. फिर इंग्लैंड को पांचवां झटका अच्छी पारी खेल रहे जैक क्रॉली के रूप में लगा, जिन्होंने 132 गेंदों में 8 चौके और 1 छक्के की मदद से 73 रन बनाए. टीम का पांचवां विकेट 42वें ओवर में गिरा. इसके बाद टीम को छठा झटका जॉनी बेयरस्टो के रूप में 43वें ओवर में लगा. बेयरस्टो 36 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 26 रन बनाकर आउट हुए. फिर कुछ देर बाद कप्तान बेन स्टोक्स रन आउट हो गए. स्टोक्स 29 गेंदों में 1 चौके की मदद से 11 रन ही बना सके. फिर टीम ने 8वां विकेट बेन फोक्स के रूप में खोया. फोक्स ने 69 गेंदों में 4 चौके और 1 छक्का लगाकर 36 रन स्कोर किए. इसके बाद इंग्लैंड का 9वां विकेट शोएब बशीर के रूप में और 10वां टॉम हार्टले के रूप में गिरा. बशीर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे. जबकि, हार्टले ने 47 गेंदों में 5 चौके और 1 छक्का लगाकर 36 रन स्कोर किए. ऐसी रही भारतीय बॉलिंग इस दौरान भारत के लिए जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने 3-3 विकेट लिए. इसके अलावा मुकेश कुमार, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट अपने नाम किए.

## पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला, पुलिस के 10 जवानों की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के डेरा इस्माइल खान में एक पुलिस स्टेशन पर आतंकवादियों के हमले में कम से कम 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए और छह घायल हो गए.




पुलिस के अनुसार, अज्ञात आतंकवादियों ने कल रात डीआई खान की तहसील दरबान में पुलिस स्टेशन पर हमला किया. यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब तीन दिन के भीतर 8 फरवरी को देश में आम चुनाव के तहत वोट डाले जाने हैं. केपी पुलिस प्रमुख अख्तर हयात गंडापुर ने बताया, %30 से अधिक आतंकवादियों ने तीन दिशाओं से हमला किया. ढाई घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई.

मृतकों में एलीट पुलिस बल के कम से कम छह कर्मी शामिल थे. घायल व्यक्तियों को जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया है. आतंकवादियों ने फेंके हथगोले किया स्प्रे पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने हर तरफ से स्टेशन पर हथगोले फेंके और स्प्रे भी किया. पुलिस ने भी हमले का जवाब दिया, हालांकि, आतंकवादी इलाके से भागने में सफल रहे. कुछ समय के लिए आतंकियों ने किया थाने पर कब्जा गंडापुर ने बताया कि सोमवार की सुबह लगभग 1:30 बजे शुरू हुए हमले के दौरान आतंकवादियों ने कुछ देर के लिए पुलिस स्टेशन पर कब्ज़ा कर लिया.

## डेविस कप - भारतीय टेनिस टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से मात दी

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस टीम ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए डेविस कप में 4-0 से मात दी. युकी भांबरी और साकेत माइनेनी के आसान जीत के बाद युवा खिलाड़ी निकी पूनाचा ने जीत के साथ अपना डेब्यू किया. इस जीत के साथ ही भारत ने 60 साल बाद अपने पड़ोसी मुल्क का ऐतिहासिक दौरा पूरा किया.




भारतीय टीम ने पाकिस्तान को उनके घर में पीटकर वर्ल्ड ग्रुप एक में अपनी जगह पक्की कर ली है. युकी और साकेत की जीत के बाद भारत ने रचा इतिहास रविवार को युकी भांबरी और साकेत माइनेनी ने पाकिस्तान के मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की जोड़ी को 6-2, 7-6 (5) से मात देकर भारत की पाकिस्तान पर दबदबे को बरकरार रखा. पाकिस्तान ने इस मुकाबले के लिए बड़ी चाल चलते हुए डबल्स मुकाबले में अनुभवी अकील खान को बरकत उल्लाह की जगह उतारा ताकि करो या मरो मुकाबले में उसे जीत मिल सके. हालांकि उनकी यह चाल भी काम नहीं आई और पाकिस्तानी टीम को अपने ही घर में करारी हार का सामना करना पड़ा.

मुकाबले में युकी भांबरी और साकेत ने पाकिस्तानी जोड़ी को वापसी का एक भी मौका नहीं दिया और मैच में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की की.

## सेल राउरकेला और एयर फोर्स आसान जीत दर्ज कर सेमीफायनल में पहुंची

राजनांदगांव (दावा)। पूल डी में गत वर्ष की उपविजेता सेल अकादमी राउरकेला ने साउथ सेंटर रेल्वे सिंकदराबाद को 6-4 गोल से व पूल सी में एयर फोर्स नई दिल्ली ने सेन्ट्रल रेल्वे मुम्बई को 5-0 गोल से हराकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफायनल में जगह बना ली। एक अन्य मैच में एसईआर कोलकता ने एनसीओई लखनऊ को 4-2 गोल से पराजित किया। आज स्पर्धा में पूर्व मंत्री धनेष पाटिला, विरेन्द्र सिंह चौहान, नीरज बाजपेयी, सूर्यकात जैन, विजय शर्मा, दिनेश प्रताप सिंह, मोंटू यादव द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आठवें दिन लीग राउंड के अंतिम दिवस के पहले मैच में पूल ए के एकतरफा मैच में साउथ ईस्ट रेल्वे कोलकता ने एनसीओई लखनऊ को 2 के मुकाबले 4 गोल से पराजित कर दिया।

इस मैच में दोनो की टीमें पूल ए में कम अंक होने के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गई। मैच में रेल्वे कोलकता के खिलाड़ियों ने शुरू से ही दबाव बनाना प्रारम्भ कर दिया था। पहले क्वार्टर के 7वें मिनट में अमनदीप लकरा ने 15वें व 16वें मिनट में सुनित लकरा ने गोल कर 3-1 गोल की बढ़त बना ली थी। दूसरे क्वार्टर के 21वें मिनट में लखनऊ के

**एसईआर कोलकता ने एनसीओई लखनऊ को 4-2 गोल से हराया**

नैतिक राणा ने गोल किया व मैच 3-1 गोल पर ला दिया 24वें मिनट में कोलकता के अमनदीप ने पुनः गोल कर अपनी टीम को 4-1 गोल की बढ़त दिला दी थीं 28वें मिनट में लखनऊ के दीपक ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर अपनी टीम के हार के अंतर को 4-2 गोल पर ला दिया।

पूल डी के एक आसान मैच में गत वर्ष की उपविजेता सेल अकादमी राउरकेला ने एससीआर सिकंदराबाद को 4 के मुकाबले 6 गोल से हराकर सेमीफायनल में जगह बना ली। मैच के दूसरे ही मिनट में सेल के करन लकरा ने गोल कर 1-0 गोल की बढ़त बनाई लेकिन 15वे मिनट में सिकंदराबाद के अर्जुन यादव ने पेनाल्टी कार्नर में गोल कर मैच 1-1 गोल की बराबरी पर लिया था। मैच के दूसरें क्वार्टर में सेल ने 18वें मिनट में एन रोहित सिंह और 21वें मिनट में कृष्णा मोहन के गोल से 3-1 गोल की बढ़त मध्यांतर पूर्व कर ली थी। उत्तरार्ध के खेल के 32वें मिनट में सिकंदराबाद सुमन बेक ने गोल कर 3-2 गोल पर मैच ला दिया। 39वें मिनट में सेल के अमित टोप्पों ने मैदानी गोल कर 4-2 गोल की बढ़त बना ली 40वें मिनट में सिकंदराबाद को पेनाल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर गगनदीप सिंह ने गोल करके मैच 3-4 पर ला दिया था। चौथे क्वार्टर के 49वें मिनट व 57वें मिनट में सेल के सोनू निषाद ने गोल कर अपनी टीम को 6-4 गोल की बढत दिला दी थी। सिकंदराबाद के लिये चौथा गोल लवप्रीत सिंह ने कर अपनी टीम के हार के अंतर को कम किया था।

पूल सी के अंतिम मैच में दमदार एयर फोर्स नई दिल्ली ने सेंटर रेल्वे मुम्बई को 5-0 गोल से हराकर अपने पूल में शिखर पर रहते हुए सेमीफायनल में पहुंच गई। मैच प्रारम्भ से ही एयर फोर्स के खिलाड़ी आक्रमक हॉकी खेलते रहे और पहले तीन क्वार्टर में ही 5-0 गोल की निर्णायक बढत बना ली थी यह गोल 7वें मिनट में सुखदेव सिंह 24वें मिनट में मनीप केरकेटा, 25वें मिनट में एम बी करियप्पा 30वें मिनट में राहुल कुमार राजभर और 38वें मिनट में नवदीप ने गोल किया था।

आज के खेले मैच में राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार पहले मैच में एसईसी कोलकता के सुनित लकरा और दूसरे मैच मे सेल हॉकी अकादमी राउरकेला के करन लकरा और तीसरे मैच में एयर फोर्स के आनंद लकरा को पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

### आज सेमीफायनल

पहला मैच दोपहर 1:45 बजे से पेट्रोलियम स्पो. प्रमोशन बोर्ड विरूद्ध सेल अकादमी राउरकेला, दूसरा मैच दोपहर 3.15 बजे से एयर फोर्स नई दिल्ली विरूद्ध आर्मी स्पो. कन्ट्रोल बोर्ड नई दिल्ली।

## मालदीव से 10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सैन्यकर्मी

नई दिल्ली। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को बताया कि 10 मार्च से पहले भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को भारत वापस भेज दिया जाएगा।

वहीं दो विमानन प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे शेष भारतीयों को 10 मई तक वापस भेजा जाएगा। संसद में अपने संबोधन के दौरान मुइज्जू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग इस उम्मीद के साथ उनकी सरकार का समर्थन करते हैं कि वे देश से विदेशी सैनिकों को हटा देंगे। इसके साथ ही उनका लक्ष्य खोए हुए समुद्री क्षेत्र को वापस पाना है। संप्रभुता से समझौता नहीं मुइज्जू मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार ऐसे किसी भी राज्य समझौते की अनुमति नहीं देता है, जो देश की संप्रभुता से समझौता करें। 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। अन्य देशों के साथ राष्ट्रपति मुइज्जू की कूटनीतिक चर्चाएं भी जारी है। मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है। उन्होंने कहा, हाल ही में हुए चर्चाओं के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्मों में से एक से भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाने के लिए कहा गया है। बाकी के दो प्लेटफॉर्म से भी 10 मार्च तक वापस बुला लिया जाएगा।

भारतीय सैन्यकर्मी मानवीय मिशनों का रह चुके हैं हिस्सा मालदीव के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के संचालन को जारी रखने के लिए मालदीव के साथ समाधानों पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्तमान में, भारतीय सैन्यकर्मी दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं। ये सैन्यकर्मी सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

*0 पीएम मोदी बोले-जिन्होंने देश को लूटा....*

को परिभाषित करती है। कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं है। आज देश में जिस रफ्तार के साथ काम हो रहा है, कांग्रेस सरकार इस रफ्तार की कल्पना भी नहीं कर सकती। हमने गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए इसमें से 80 लाख पक्के मकान शहरी गरीबों के लिए बने। अगर कांग्रेस की रफ्तार से काम हुआ होता तो इतना काम होने में 100 साल लगते, 100 पीढ़ियां बीत जातीं। उन्होंने कहा, 10 वर्ष में 40 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है। अगर कांग्रेस की रफ्तार से देश चलता तो इस काम को करने में 80 साल लग जाते।

उन्होंने कहा, हमने 17 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन दिए हैं, अगर कांग्रेस की रफ्तार से चलते तो इस काम को करने में और 60 साल लग जाते हैं। तीन पीढ़ियां धुएं में खाना बनाने-बनाते गुजर जाती। कांग्रेस की जो मानसिकता है, जिसका देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने देश के सामर्थ्य पर कभी भरोसा नहीं किया, वो अपने आप को शासक मानते रहे और जनता-जनार्दन को कमतर आंकते गए।

उन्होंने कहा, हमारा तीसरा कार्यकाल बहुत दूर नहीं है। 100-125 दिन ही रह गए हैं। तीसरे कार्यकाल में बहुत बड़े फैसले होंगे।

*0 छग में 25 जिलों के एसपी बदले...*

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त बनाया गया है। दीपक झा को राजनांदगांव में प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है।

कोयला घोटाले व महादेव एप में नाम आने वाले अधिकारी अब पुलिस मुख्यालय में

जिन आइपीएस अधिकारियों का नाम कोयला और महादेव सट्टेबाजी एप में सामने आया था, उनमें से ज्यादातर को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। बिलासपुर आइजी रहे अजय यादव को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। इनका नाम कोयला और महादेव सट्टेबाजी एप में जुड़ा था। ईडी की केस डायरी में भी इनका नाम है। रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल का नाम महादेव सट्टेबाजी एप में आया था, उनका तबादला बस्तर कर दिया गया है। आइपीएस डा. आनंद छावड़ा, बद्री नारायण मीणा को पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में पदस्थ किया गया है। इन सभी का नाम भी महादेव एप में आया है। पारुल माथुर उपमहानिरीक्षक को भी पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। उनका नाम कोयला घोटाले में सामने आया था। आइपीएस दीपांशु काबरा की सेवा परिवहन विभाग से वापस लेते हुए उन्हें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय रायपुर में पदस्थ किया गया है। उनका नाम कोयला घोटाले में सामने आया था।

*0 छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही स्थगित....*

बड़ी-बड़ी बातें कही गई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं है। साय सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ होर्डिंग में है। सरकार धान का खरीदी मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल नहीं दे रही। किसान दर-दर भटक रहे हैं। किसानों को अभी भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। भाजपा सरकार मोदी की गारंटियों की धज्जियां उड़ा रही है।

ये तीन संशोधन विधेयक होंगे पेश

छत्तीसगढ़ राजिम माघी पुन्नी मेला (संशोधन) विधेयक, 2024ः इस विधेयक के पारित होने के बाद राजिम माघी पुन्नी मेला का नाम बदलकर राजिम माघी कुंभ कल्प किया जा सकता है। राजिम कुंभ एक बार फिर पहले की तरह राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएगा। कांग्रेस सरकार में इसका नाम बदलकर माघी पुन्नी मेला किया गया था।

छत्तीसगढ़ सिविल न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2024ः इस संशोधन में 'जिला न्यायाधीश' को 'प्रधान जिला न्यायाधीश' और 'अपर जिला न्यायाधीश' को 'जिला न्यायाधीश' करने का प्रविधान रखा गया है। इसी तरह 'व्यवहार न्यायाधीश प्रथम वर्ग' को 'व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी' और 'व्यवहार न्यायाधीश द्वितीय वर्ग' को 'व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी' और 'जिला न्यायालय' को 'प्रधान जिला न्यायालय' से प्रतिस्थापित करने का प्रविधान रखा गया है। छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2024: इसमें माल एवं सेवा कर में आवश्यक सुधार का प्रस्ताव है।

*0 पहले दिन 1 लाख 81 हजार से अधिक महिलाओं ....*

भी मुझे मिलेगा। हम सब महिलाएं बहुत खुश हैं और सरकार को धन्यवाद देती हैं।

32 जिलों से आये इतने आवेदन

आज महतारी वंदन योजना के लिए बालोद से 3226, बलौदाबाजार से 523, बलरामपुर से 783, बस्तर से 12503, बेमेतरा से 3863, बीजापुर से 710, बिलासपुर से 9329, दंतेवाड़ा से 3980, धमतरी से 3682, दुर्ग से 13997, गरियाबंद से 3723, जांजगीर से 20186, जशपुर से 5367, कांकेर से 2441, कवर्धा से 5796, कोंडागांव से 6836, कोरबा से 5101, कोरिया से 2035, महासमुंद से 7040, मुंगेली से 3263, नारायणपुर से 406, रायग? से 1530, रायपुर से 13155, राजनांदगांव से 8403, सरगुजा से 1089, सुकमा से 1592, सूरजपुर से 13588, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से 4605, सक्ती से 1885, खैरगढ़-छुईखदान-गण्डई से 1552, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में 955, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1654, सारंगढ़-बिलाईगढ़ से 16656 आवेदन भरे गये।

## पान-मसाला, गुटखा और तंबाकू को लेकर बदला नियम



नई दिल्ली। 1 अप्रैल से 1 लाख रुपये जुर्माना प्रत्येक गैर-रजिस्टर्ड मशीन के लिए 1 लाख का जुर्माना लगाया जाएगा। कुछ स्थितियों में गैर-अनुपालन वाली मशीनों को जब्त किया जा सकता है। जीएसटी काउंसिल ने पिछले साल तंबाकू निर्माताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों को रजिस्टर्ड करने के लिए एक विशेष प्रक्रिया की सिफारिश की थी। मौजूदा और नई लगी मशीनों का विवरण, उनकी पैकिंग क्षमता सहित फॉर्म जीएसटी एसआरएम-आई में देना होगा। हालांकि, ऐसा करने में विफल रहने पर कोई दंड की घोषणा नहीं की गई है। पहले नहीं था जुर्माने का प्रावधान राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि जीएसटी परिषद ने पहले पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के उत्पादों में उपयोग होने वाली मशीनों को उनकी उत्पादन क्षमता की निगरानी के लिए पंजीकृत करने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा, हालांकि, अगर वे पंजीकरण करने में विफल रहे तो कोई जुर्माना नहीं था। इसलिए, काउंसिल ने फैसला किया कि कुछ दंड होना चाहिए। इसलिए वित्त विधेयक में आपको मशीनों को पंजीकृत नहीं करने के लिए एक लाख रुपये तक का जुर्माना देखने को मिलता है।÷ काउंसिल ने दी थी पैनल की रिपोर्ट को मंजूरी पिछले साल फरवरी में जीएसटी परिषद ने पान मसाला और गुटखा उद्योगों में टैक्स चोरी को रोकने पर राज्य के वित्त मंत्रियों के एक पैनल की रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जीओएम ने सिफारिश की थी कि राजस्व के पहले चरण के कलेक्शन को बढ़ावा देने के लिए पान मसाला और चबाने वाले तंबाकू उत्पादों पर मुआवजा उपकर लगाने की व्यवस्था को यथामूल्य से एक विशिष्ट दर-आधारित शुल्क में बदला जाए।

# पोष्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में आयोजित जिला स्तरीय वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यार्थियों का उमड़ा सैलाब






राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पोष्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर में शनिवार 03 फरवरी को आयोजित जिला स्तरीय वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। समारोह में अविभाजित राजनांदगांव जिले के विभिन्न छात्रावासों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अलावा नगर के जनप्रतिनिधि, पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों तथा आम नागरिक शामिल हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व आईपीएस अधिकारी राधेश्याम नायक, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डीआर आचला, जगत सलामे, कार्यक्रम के संयोजक चंद्रेश ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गौतम पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव ए.के. पुसाम, लालदेव तारम, पवन तुलावी, अरविन्द गोटे, भूपेन्द्र मण्डावी, लखन सोरी, धरमू किरंगे सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में छात्रावास के अधीक्षक पुरेन्द्र महिलांगे, सहसंयोजक मनोज चंद्रवंशी, मनेश मण्डावी अध्यक्ष बिट्टू कोमरे, उपाध्यक्ष डामेश्वर चंद्रवंशी, सचिव रूपेश सहारे, कुमारी तेजेश्वनी धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसी तरह समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक रेलवे जे.आर. ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अभियंता लोकनिर्माण विभाग जीएस मण्डावी ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग एच.आर. धुव, विष्णुदेव ठाकुर, मुकेश ठाकुर, ओमप्रकाश मरावी, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के लेखराम मात्रा, पुरूषोत्तम मण्डावी सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न छात्रावासों से पधारे छात्र-छात्राओं ने प्रश्नमंच, खेल प्रतियोगिता आदि के अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

**० प्रश्न मंच, खेल प्रतियोगिता के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खूबचंद पारख ने छात्रावास में वार्षिकोत्सव समारोह के आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय बताते हुए इसका सदुपयोग करने को कहा। पूर्व आईपीएस आर.एस. नायक ने विद्यार्थी जीवन को त्याग और तपस्या का समय बताते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की अपील की। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डी.आर. आचला ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत एवं निरंतर ज्ञानार्जन करने के अलावा त्याग, तपस्या, शिष्टाचार आदि मानवीय गुणों के विकास के लिए भी सदैव प्रत्यनशील रहने को कहा।

पुलिस अधीक्षक रेलवे जे.आर. ठाकुर ने कठिन परिश्रम, दृढ़ ईच्छा शक्ति एवं सकारात्मक सोच को सफलता का मूलमंत्र बताया। मुख्य अभियंता जी.एस. मण्डावी ने विद्यार्थियों को छात्र जीवन का सदुपयोग करते हुए अपने माता-पिता, संस्थान, परिवार व समाज का नाम रोशन करने को कहा। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक चंद्रेश ठाकुर ने छात्रावास एवं विद्यार्थी जीवन के महत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। समारोह में छात्रावास के पूर्व अध्यक्ष अनिल तारम, थानेश्वर खाण्डेकर, रोहित घराना, राय सिंह कोटपरिया, गुरू शंकर नेताम, धमेंद्र पौसार्य, मयाराम सलामे, रूकधन चुरेंद्र, चंद्रहास भण्डारी सहित भूतपूर्व छात्रावासी छात्रों के अलावा अधीक्षक-अधीक्षिका एवं विभिन्न छात्रावासी बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।


## ग्राम पटेवा में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता संपन्न

पटेवा (दावा)। ग्राम पटेवा के कर्मा मंदिर प्रांगण में ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय मानस प्रतियोगिता का आयोजन 3 एवं 4 फरवरी सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती हर्षिता बघेल विधायक डोंगरगढ़ थे, अध्यक्षता सरपंच मिथलेश साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप पूर्वमंत्री धनेश पाटिला, विवेक वासनिक, दुर्गेश द्विवेदी, नीलकण्ठ साहू एवं अन्य उपस्थित थे। विधायक श्रीमती बघेल ने रामायण प्रांगण अहाते के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की है।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सूर्यकांत भंडारी, अध्यक्षता डोमार साहू जनपद सदस्य ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप एल. एल. साहू, एम. एल. साहू, टी आर हिरवानी, विजय गजपाल, बहुर साहू, प्रमोद दुबे प्रमुख रुप से उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों की मानस मंडलियों ने भाग लिया एवं अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें पुरुष वर्ग से हरिदर्शन मानस परिवार बरसनटोला, सत्यम शिवम मानस परिवार काचरी, निकेतन मानस परिवार नेवारी खुर्द, जय बजरंग मानस मंडली देवारीभाट, माधुर्य मानस मंडली बड़े टेमरी क्रमशः 1से 5वां स्थान प्राप्त किए। इसी प्रकार महिला वर्ग से सुनीर मानस परिवार नहर खपरी, नव दुर्गा महिला मानस मंडली बड़े पुरदा, जय कृपा निधान महिला मानस परिवार मोहंदी जालबांधा विजेता रही। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है विजेता मंडलियों के लिए पुरुष वर्ग प्रथम से पंचम पुरस्कार क्रमशः 5001 रु., 4001 रु., 3001 रु., 2001 रु., 1001 रुपये नगद प्रदान किए गए। महिला वर्ग में प्रथम से तृतीय पुरस्कार क्रमशः 3001 रु., 2001 रु., 1001 रु. एवं फोटो फ्रेम प्रदान किए गए। इसके अलावा श्रेष्ठ व्याख्यान जय भोलेनाथ मानस परिवार पारागांव, गायन स्वरधारा मानस परिवार तुलसीपुर राजनांदगाँव, तबला श्री हरि मानस परिवार कांदुल अर्जुन्दा को प्रदान किया गया।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में किया बदलाव

रायपुर। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में बदलाव कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, शैक्षणिक सत्र 2024-25 से देशभर के शैक्षणिक ढांचे में नए सत्र से नौवीं और 10वीं में विद्यार्थियों को 10 विषय पढ़ने होंगे और प्रत्येक में पास होना अनिवार्य होगा।



वहीं 12वीं में विद्यार्थियों को कुल छह विषय पढ़ने होंगे और प्रत्येक में पास होना अनिवार्य होगा। राजधानी रायपुर में इनकी संख्या 56 है अब तक विद्यार्थी 10वीं में अधिकतम नौ विषय चुन सकते थे, लेकिन वे छह विषय ही चुनते थे और पास होने के लिए पांच विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता था। वहीं 12वीं में कोई विद्यार्थी सात विषय चुन सकता था, जिसमें एक वैकल्पिक होता था। इनमें पांच विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता था। छत्तीसगढ़ की बात करें तो कुल 516 सीबीएसई के स्कूल है। राजधानी रायपुर में इनकी संख्या 56 है।

शिक्षा में गतिशीलता और आमूलचूल परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) तैयार किया है। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति ने स्कूली से उच्च शिक्षा तक एक एकीकृत क्रेडिट संचय और हस्तांतरण ढांचा तैयार किया है, जिसके तहत विद्यार्थियों को शैक्षणिक और कौशल विषयों में क्रेडिट दिया जाएगा। सभी राज्य बोर्ड, सीबीएसई और एनआइओएस बोर्ड के लिए दिशा निर्देश तैयार किए गए हैं। 10वीं में होंगी अब तीन भाषाएं अब 10वीं कक्षा में तीन भाषाएं शामिल होंगी, जिसमें दो भाषा कम से कम भारत में बोली जाने वाली होगी, वहीं सात मुख्य विषय होंगे। इसमें गणित और कम्प्युटेशनल थिंकिंग, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, कला शिक्षा, शारीरिक शिक्षा और कल्याण, व्यावसायिक शिक्षा और अंतः विषय क्षेत्र शामिल हैं। विद्यार्थी को सभी 10 विषयों में उत्तीर्ण होना होगा। 12वीं में दो भाषा विषय होंगे शामिल 12वीं में अब विद्यार्थियों को एक के बजाय दो भाषाएं पढ़नी होंगी। इसमें कम से कम एक भाषा भारत में बोली जाने वाली होगी, वहीं चार मुख्य विषय और एक वैकल्पिक विषय होगा। यह सभी विद्यार्थियों को चयनित करने होंगे। एनसीएफ के तहत इन विषयों को तीन समूह में बांटा गया है। जिसमें से विद्यार्थियों को किसी दो समूह से चार विषय चयनित करने होंगे। पहले समूह में संगीत, नृत्य, थिएटर, स्कल्पचर, पेंटिंग, शारीरिक शिक्षा और कल्याण व व्यावसायिक शिक्षा शामिल है। दूसरे समूह में इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, वाणिज्य व पर्यावरण शिक्षा शामिल है। तीसरे समूह में गणित, प्रोग्रामिंग व कोडिंग, बिजनेस गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान शामिल हैं।

## दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर में पहुंचे कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम रेंगाकठेरा(बखत) में संस्था के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर सरंक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आयोजित किया गया है।

शिविर के छठवे दिन के बौध्दिक परिचर्चा सत्र में राजनांदगांव जिला के जिलाधीश आदरणीय संजय अग्रवाल सर सम्मिलित हुए। उन्होंहे स्कूली छात्र/छात्राओं के साथ साथ ग्राम वासी और शिविर में उपस्थित समस्त स्वयंसेवियों को नशा के खिलाफ जागरूक किया। जिलाधीश राजनांदगांव द्वारा ग्राम के युवाओं को कहा कि स्वच्छ पर्यावरण से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। भारत को नशा मुक्त बनाने के लिये युवाओं को आगे आना होगा। इनकी भागेदारी से ही एक सभ्य समाज की संरचना होगी।

हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह अपने पड़ोस में नशे को पैर नही जमाने देगा तथा हर युवा यह ठान ले कि वह युवाओं को नशे का आदी नही होने देगा तो, समाज को नशा मुक्त करने में सफलता अवश्य मिलेगी। अन्त में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बौद्धिक परिचर्चा में भूतपूर्व कर्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय देवांगन व प्रो. नूतन देवांगन सर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर शिविर नायक लोकेश्वर, शिविर नायिका पूजा के साथ 55 स्वयंसेविका, 50 स्वयंसेवक तथा स्कूल के समस्त छात्र छात्राये उपस्तिथ रहे।

## कबड्डी खेल प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए जनपद सभापति ओमप्रकाश



पेज 7 (04 फरवरी 2024- फोटो-डंगनिया कबड्डी)

राजनांदगांव(दावा)। ब्लॉक के डंगनिया में कबड्डी खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू, विवेक वर्मा, विक्की साहू, दिलेश पारधी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने आयोजन समिति को बधाई देते हुवे कहा कि कबड्डी का खेल मानसिक व शारीरिक खेल है। खेल में कोई भी खिलाड़ी हारता नहीं है, या तो जीतता है या सिखाता है। श्री साहू ने सभी युवाओं को ग्राम के सामाजिक कार्यो में भी बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की व सभी ग्रामवासियो से पदुमतरा में होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण मंदिर व राम कथा में शामिल होने आमंत्रित किये। कब्बड्डी में महरूमखुर्द ने प्रथम व मुढ़ीपार की टीम ने दूसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान पर

## विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय क्षमता विकास एसएमसी की प्रशिक्षण संपन्न

छुरिया(दावा)। राज्य एवं जिला कार्यालय के दिशा निर्देश अनुसार ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय प्राथमिक/ माध्यमिक स्तरीय क्षमता विकास एसएमसी प्रशिक्षण 02 जोन बनाकर कुमरदा व छुरिया में एक एक दिन सुबह 10 बजे से 05 बजे तक आयोजित किया गया।




विकास खंड के सभी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों को 2 जोन में विभाजित कर प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तर से एसएमसी प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर देवेन्द्र साहू,अविनाश मानिकपुरी,दीनादास साहू के द्वारा विकासखंड के सभी संकुल समन्वयक व एक मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें शाला नेतृत्व क्षमता विकास प्रकार लक्ष्य निर्धारण किस प्रकार करनी है। इसकी विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षक /शिक्षिकाओं को दिया गया शाला समिति के सदस्यों का शाला में किस तरह कि सहभागिता व भूमिका समुदाय की सहयोग बच्चों की उपस्थिति बच्चों का शालात्यागी व शालात्यागी का कारण वाह शालाओं में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करना विभागों से तालमेल शासन की योजनाएं चर्चा करना कराना आदि विषयों पर बारीकी से चर्चा किया गया।साथ ही एसएमसी प्रशिक्षण के साथ सरल कार्यक्रम व अंगना में शिक्षा का प्रशिक्षण भी उपस्थित शिक्षकों को दिया गया अंगना मा शिक्षा के तहत माताएं अपने बच्चे को अपने घर में किस तरह से शिक्षा दे सकते हैं मास्टर्स ट्रेनर्स के द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी बताया गया कि गांव को स्व सहायता समूह एवं गांव के जागरूक महिलाओं को किस तरह से सहयोग लेकर कार्यक्रम को गति प्रदान किया जाए प्रशिक्षण के प्रथम दिवस को विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रशात चितवर्कर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रहलाद साहू के द्वारा क्षमता विकास अंगना मा शिक्षा प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर प्रशिक्षण का महत्व उपयोगिता पर चर्चा अपने विद्यालयों में गठित शाला विकास समिति के सदस्यों को स्कूली स्तर पर प्रशिक्षित करने को निर्देश दिया गया है। कि यदि एसएमसी के सदस्य प्रशिक्षण में बताए अनुसार कार्य करते हैं तो निश्चित ही विद्यालय स्तर पर बहुत ही सुधार होगा बच्चों के शिक्षण पर भी बहुत प्रभाव पड़ेगा ऐसी प्रशिक्षण की दिवस में यह बात कहते हुए अंतिम दिवस इसी प्रकार उपस्थिति बनाए रखकर प्रशिक्षण का लाभ उठाने को कहा गया।5

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिलेगा लाभ-झूलेंद्र वर्मा



राजनांदगांव (दावा)। **भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के महामंत्री झुलेंद्र वर्मा जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का लाभ बहुत जल्द यहां की महिलाओं को मिलने लगेगा छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ तौर से कह दिया था की यह मोदी सरकार की गारंटी है।**

महिलाओं को उनकी जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष 12000 प्रदान किए जाएंगे उनके खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे 1000 महीना और 12000 सालाना के हिसाब से 5 साल में यह पूरी रकम प्रत्येक विवाहित महिला को 60000 मिलेगी जो उन्हें उनकी जरूरत के हिसाब से बहुत ज्यादा तो नहीं मगर राहत प्रदान करने वाला आवश्यक है।

कुछ लोग प्रदेश की महिलाओं को बरगलाने में लगे हैं कि भाजपा ने घोषणा तो कर दी है लेकिन इसमें कई त्रुटियां तय करके अधिकांश महिलाओं को इस योजना के लाभ से वंचित रखा जाएगा जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है प्रत्येक गरीब विवाहित महिला की पहचान कर इस योजना का लाभ उन्हें अवश्य दिलाया जाएगा।

सत्ता और संगठन मिलकर इस योजना के जल्द ही क्रियान्वयन के लिए गंभीर है।

## स्वरांजलि कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा आयोजित अंतर मंडलीय रेलवे स्कूल सांस्कृतिक प्रतियोगिता (संगीत) 2024 में शास्त्रीय लोक गायन एवं वादन 'स्वरांजलि' कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमती रूहीना तुफैल खान मंडल कार्मिक अधिकारी नागपुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।**




सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आकर्षक प्रस्तुति दी छात्र-छात्राओं ने

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्कूल के जिसमें नैनपुर, डोंगरगढ़, चरोदा, बिलासपुर स्कूल के प्रतिभागियों ने भाग लिया। खैरागढ़ के निर्णायक मंडल में विशेष चौहान, भक्ति बिसेन व श्रेयांश नेमाद इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय से थे। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग देवेंद्र साखरे वेलफेयर निरीक्षक डोंगरगढ़ द्वारा प्रदान किया गया। शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा। जिसमें श्रीमती बाबिनवाला, रानू सिन्हा चेमीन वर्मा, साक्षी वैष्णव, दुर्गेश वस्त्रकर, विदेश्वर भीमते, शरद यादव, धर्मेंद्र दशरथ, रमेश परिहर, लक्ष्मी रजक व प्रभारी प्राचार्य खैरवार ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उन्होंने संगीत का जीवन में महत्व व प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा प्रभारी मिलेन्द्र के टेम्भुरकर ने किया।

## बांधाबाजार आज से श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह

बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार में 6 फरवरी से 12 फरवरी तक श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक बाल योगी पूज्य श्री विष्णु अरोड़ा जी सुनाएंगे। स्व. श्री खेमचंद गुप्ता ढुकमला गुप्ता एवं समस्त गुप्ता परिवार ने इसका आयोजन किया है। पहले दिन पुराण कलश स्थापना, गोकर्ण परीक्षित कथा, इसी प्रकार ध्रुव चरित्र, प्रहलाद कथा, वामन कथा, समुद्र मंथन, श्री कृष्ण जन्म कथा, बाल लीलाएं, रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र, गीता पाठ, भागवत कथा समापन, कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक स्थान मंशा मंदिर प्रांगण में होगा। गुप्ता परिवार ने समस्त श्रद्धालु भगतों से अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर भागवत कथा का लाभ लेवे।

## रामाटोला महाविद्यालय में रंगारंग वार्षिकोत्सव मनाया गया

**डोंगरगढ़ (दावा)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दीप प्रज्वलन एवं राजकीय गीत `अरपा पैरी के धार´ के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। प्राचार्य प्रो. टी. ठाकुर ने कहा इस तरह के आयोजन से संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। जो बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक है.**



सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति

डॉ ए. के. सिन्हा ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। डॉ मनोज रंगारी ने कहा की कार्यक्रम से सहयोग एवं भाईचारे के माध्यम से छात्र एक सूत्र मे बंधे रहते है। डॉ संगीता रंगारी ने कहा की गीत संगीत सबके मन को भाता है। प्रतिभाशाली छात्रों को प्रस्तुतीकरण करने का अवसर मिलता है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति - बी.ए. भाग दो के छात्र एवं छात्राओं द्वारा भावविभोर करने वाला मणिकर्निका नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का कथन 'हम झांसी नहीं देंगे' देश के प्रति समर्पण के भाव जागृत करते हुए दिखाया गया और इस नृत्य ने खूब तालियां बटोरी. बी.ए. भाग एक की छात्राओं एवं छात्रों द्वारा सुंदर वेशभूषा से सुसज्जित ताल से ताल मिलाकर आदिवासी नृत्य की मनमोहन प्रस्तुति ने दर्शकों को आत्माआनंदित किया। बी.ए. भाग तीन की छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी रिमिक्स जिसमें कर्मा, ददरिया, सुआ, फुगड़ी, राउत, पंथी नृत्य की झलक देखने मिली।

इसी तरह अन्य एकल, युगल एवं समूह नृत्य में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। साथ ही वार्षिक साहित्यिक सांस्कृतिक तथा खेलकूद में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रो. आर. राम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की विभिन्न गतिविधियों के अलावा छात्र पढ़ाई में भी ध्यान दे जो भविष्य निर्माण के लिए अतिआवश्यक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# मोदी की गारंटी
# विष्णु का सुशासन

छत्तीसगढ़ शासन

**हमने बनाया है**
**हम ही संवारेंगे**

# महतारी वंदन योजना

## पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष
# ₹ 12,000

## देखिए आवेदन फार्म कैसे भरे ?



- महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना क्रियान्वित है
- यह योजना 01 मार्च 2024 से लागू की जा रही है
- योजना का क्रियान्वयन संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा

### योजनांनर्गत पात्रता

- विवाहित महिला जो छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी हो
- आवेदन के कलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु न्यूनतम 21 वर्ष होनी चाहिए
- विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाएं भी योजना के लिए पात्र होंगी

### आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज

- स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो
- स्थानीय निवासी के संबंध में दस्तावेज। (निवास प्रमाण-पत्र/ राशन कार्ड/ मतदाता पहचान-पत्र/ आधार कार्ड)
- स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड
- स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड। (यदि हो तो)
- महिला के विवाहित होने की पुष्टि के लिए आवश्यक दस्तावेज-विवाह प्रमाण पत्र/ राशन कार्ड/ आधार कार्ड/ मतदाता परिचय पत्र/ निवास प्रमाण पत्र/ ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र। यदि उपरोक्त में से कोई भी दस्तावेज उपलब्ध न हो तो विवाहित महिला द्वारा स्वघोषणा शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है
- विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र
- परित्यक्ता/ तलाकशुदा होने की स्थिति में समाज द्वारा / वार्ड/ ग्राम पंचायत/ न्यायालय द्वारा जारी प्रमाण-पत्र
- जन्म प्रमाण पत्र/ कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची/ स्थानांतरण प्रमाण-पत्र/ पैन कार्ड/ आधार कार्ड/ मतदाता परिचय-पत्र/ ड्राइविंग लाइसेंस । (कोई एक)
- पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति
- स्व-घोषणा शपथ पत्र (आवेदन के साथ संलग्न)
- यदि महिला हितग्रही के पास मोबाईल नंबर न हो तो राशन कार्ड जमा किया जावे

### हितग्राही को दी जाने वाली सहायता

- पात्र महिला को रुपये 1000/- प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा
- सामाजिक सहायता कार्यक्रम/विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को रू. 1000/- से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा

### आवेदन करने का माध्यम

योजना के ऑनलाईन पोर्टल
(https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in)
तथा मोबाईल एप द्वारा आवेदन निम्नानुसार माध्यमों से भरे जा सकेंगे-

- आंगनबाड़ी केन्द्र की लॉगिन आईडी से
- ग्राम पंचायत सचिव (ग्राम प्रभारी) की लॉगिन आईडी से
- बाल विकास परियोजना कार्यालय की लॉगिन आईडी से
- आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे
- नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी के लॉगिन आईडी से



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद-39557/84

## सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com